
MPHIN/2021/83938



# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियर: वर्ष: 3 : अंक: 194 | ग्वालियर शुक्रवार, 05 मई 2023 | पृष्ठ: 8 मूल्य: 2 रुपए

## गैंगस्टर अनिल दुजाना यूपी एसटीएफ के एनकाउंटर में ढेर



**नई दिल्ली।** गैंगस्टर अनिल दुजाना यूपी एसटीएफ के साथ मुठभेड़ में मारा गया. कुछ दिनों पहले यूपी के टॉप 65 माफियाओं की लिस्ट यूपी सरकार के कार्यालय से जारी की गई थी. इसमें ग्रेटर नोएडा के अनिल दुजाना का नाम भी शामिल था. कुख्यात बदमाश अनिल दुजाना पिछले काफी समय से दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद था, लेकिन कुछ समय पहले वह जमानत पर बाहर आ गया. जेल से बाहर आते ही अनिल दुजाना ने जयचंद प्रधान मर्डर केस में उसकी पत्नी और गवाह संगीता को धमकी दी. इसके बाद उच्च अधिकारियों ने एक्शन लेते हुए अनिल दुजाना के खिलाफ पिछले सप्ताह में 2 मुकदमे दर्ज किए. दुजाना की गिरफ्तारी के लिए नोएडा पुलिस की स्पेशल सेल टीम और एसटीएफ टीम लगी हुई थी. बताया जा रहा है कि पिछले कुछ दिनों के दौरान 7 टीमों ने 20 से भी ज्यादा स्थानों पर लगातार छापेमारी कर रही थी.

अनिल दुजाना पर यूपी समेत अन्य राज्यों में लगभग 50 हत्या, रंगदारी, फिरौती आदि के केस दर्ज हैं. बादलपुर का दुजाना गांव कभी कुख्यात सुंदर नागर उर्फ सुंदर डाकू के नाम से जाना जाता था. सत्तर और अस्सी के दशक में सुंदर का दिल्ली-एनसीआर में खौफ था. उसने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी तक को जान से मारने की धमकी दे दी थी. इसी दुजाना गांव का है अनिल नागर उर्फ अनिल दुजाना. पुलिस रिकॉर्ड में 2002 में गाजियाबाद के कवि नगर थाने में इसके खिलाफ हरबीर पहलवान की हत्या का पहला मुकदमा दर्ज हुआ. यूपी में हुए एनकाउंटर में अब गैंगस्टर अनिल दुजाना का नाम भी जुड़ गया. अप्रैल में उमेश पाल हत्याकांड में आरोपी असद और उसके सहयोगी गुलाम दोनों एनकाउंटर में मारे गए. इस एनकाउंटर के बाद यूपी में सियासी बयानबाजी देखने को मिली थी.

## कर्नाटक में कांग्रेस पर जमकर बरसे ज्योतिरादित्य सिंधिया

**नई दिल्ली।** कर्नाटक चुनाव से पहले केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी बीजेपी के प्रचार में लगे हैं और इस दौरान उन्होंने विपक्षी दल पर जमकर हमला बोला. ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि 70 साल में जो विकास कर्नाटक में नहीं हुआ, वह बीजेपी की सरकार में हुआ है. ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कर्नाटक में बीजेपी के नेता और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने जो 70 साल में कर्नाटक में नहीं किया, वह विकास साढ़े तीन साल में बीजेपी की सरकार ने कर दिखाया है. उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि विपक्ष उन्हें तरह-तरह से अपमानित करने का प्रयास कर रहा है, लेकिन भगवान शिव की तरह विपक्ष के गलत शब्दों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विष की तरह ग्रहण किया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर विपक्ष द्वारा की जा



रही टिप्पणी को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सकारात्मक रूप में पेश किया. उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही देश में विकास कर सकती है. कर्नाटक में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के तेवर देखकर विपक्ष ने इस बात का अंदाजा लगा लिया है कि मध्य प्रदेश के चुनाव में जमकर संग्राम होने वाला है. मध्य प्रदेश का चुनाव दो राजघरानों की सीधी टक्कर से बड़ा दिलचस्प हो गया है. मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में जहां केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया बीजेपी की ओर से स्टार प्रचारक के रूप में मध्य प्रदेश के कई जिलों में आम सभा को संबोधित करेंगे. वहीं, दूसरी तरफ पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के साथ-साथ राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने पूर्व मध्य प्रदेश की कमान अभी से संभालना शुरू कर दी है. पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह स्टार प्रचारक के रूप में सिंधिया को सीधी टक्कर देंगे. ज्योतिरादित्य सिंधिया और दिग्विजय सिंह की राजनीतिक दुश्मनी 100 साल से ज्यादा पुरानी है. इसलिए इस बार चुनाव दोनों के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बन गया है.

## मणिपुर में हिंसक घटना के बीच सरकार ने दंगाईयों को देखते ही गोली मारने के दिए आदेश



**नई दिल्ली।** मणिपुर में हिंसक घटना के बीच सरकार ने दंगाईयों को देखते ही गोली मारने के आदेश दिए हैं. सरकार की ओर से जारी आदेश में साफ साफ लिखा है कि प्रशासन विषम परिस्थितियों में ही ऐसा कदम उठाए. मणिपुर में आदिवासियों और बहुसंख्यक मेइती समुदाय के बीच कई दिनों से तनाव की स्थिति बनी हुई है. बुधवार (3 मई) की रात ये तनाव हिंसा का रूप ले लिया. इसके बाद स्थिति को नियंत्रित करने के लिए रातोंरात सेना और असम राइफल्स के कई दलों को फौरन तैनात किया गया. हिंसा के कारण 9,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया है.

एक अधिकारी ने बताया कि स्थिति को देखते हुए गैर-आदिवासी बहुल इंफाल पश्चिम, काकचिंग, थौबल, जिरिबाम और विष्णुपुर जिलों तथा आदिवासी बहुल चुराचांदपुर, कांगपोकपी और तेंगनौपाल जिलों में कर्फ्यू लगा दिया गया. उन्होंने बताया कि पूरे राज्य में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं. मणिपुर की आबादी में 53 प्रतिशत हिस्सा रखने वाले गैर-आदिवासी मेइती समुदाय की अनुसूचित जनजाति (एसटी) के दर्जे की मांग के खिलाफ चुराचांदपुर जिले के तोरबंग इलाके में 'ऑल ट्राइबल स्टूडेंट यूनियन मणिपुर' (एटीएसयूएम) के बुलाए गए 'आदिवासी एकजुटता मार्च' के दौरान बुधवार को हिंसा भड़क गई थी.

## ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मनीष सिसोदिया को बनाया आरोपी

**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार (5 मई) को चार्जशीट दाखिल की. इसमें ईडी ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को आरोपी बनाया है. आबकारी नीति मामले में मनीष सिसोदिया 29 वें आरोपी हैं. ईडी ने मनीष सिसोदिया के खिलाफ दिल्ली के राउज एवेन्यु कोर्ट में लगभग ढाई हजार पेज की चार्जशीट दाखिल की है. आबकारी नीति में उनके खिलाफ भी चार्जशीट दाखिल कर चुकी है. बता दें कि ईडी ने सिसोदिया को आबकारी नीति मामले में 9 मार्च को गिरफ्तार किया था. इससे पहले सीबीआई ने उन्हें 26 फरवरी को लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था. ईडी की गिरफ्तारी के मामले में जमानत के लिए सिसोदिया ने दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की है. इस याचिका पर गुरुवार (4 मई) को सुनवाई हुई. इस दौरान कोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी किया और मामले की अगली सुनवाई के लिए 11 मई की तारीख तय की.




सिसोदिया ने अपनी पत्नी की बीमारी के आधार पर मामले में नियमित जमानत अर्जी के साथ-साथ अंतरिम जमानत याचिका भी दाखिल की है. पूर्व उप मुख्यमंत्री की पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता दयान कृष्णन और मोहित माथुर ने हाई कोर्ट में दलील दी कि 'आप' नेता की पत्नी पिछले 20 सालों से मल्टीपल स्क्लेरोसिस से जूझ रही हैं, जो तंत्रिका तंत्र (नर्वस सिस्टम) से जुड़ी एक गंभीर दीर्घकालिक बीमारी है और उनकी स्थिति और बिगड़ने की आशंका है. ईडी के वकील ने याचिका का यह कहते हुए विरोध किया कि सिसोदिया मामले में मुख्य साजिशकर्ता हैं. सिसोदिया ने निचली अदालत के 28 अप्रैल के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसके तहत धन शोधन मामले में उनकी जमानत याचिका को इस आधार पर खारिज कर दिया गया था कि सबूत प्रथम दृष्ट्या 'अपराध में उनकी संलिप्तता की ओर इशारा करते हैं.

### 5 साल में 548 गिरफ्तार, सिर्फ 12 दोषी

## 153 साल बाद राजद्रोह कानून को खत्म करेगी सरकार

**नई दिल्ली।** सोमवार यानी 1 मई को राजद्रोह कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई अगस्त तक के लिए टाल दी गई है. केंद्र सरकार के अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमानी ने सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट को बताया कि राजद्रोह को अपराध बनाने वाली आईपीसी की धारा 124ए की समीक्षा पर अंतिम चरण की चर्चा जारी है. सुनवाई इसलिए टाली गई ताकि अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमानी का पक्ष भी जाना जा सके. दरअसल, पिछले पांच सालों में यानी साल 2015 से 2020 के बीच देश में राजद्रोह की धाराओं के 356 मामले दर्ज किए गए थे. 548 लोगों को गिरफ्तारी भी हुई थी जबकि सिर्फ 12 लोग ऐसे थे जिन्हें दोषी साबित किया जा सका. सुप्रीम कोर्ट ने इसी के खिलाफ सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार को निर्देश दिया था.

इस कानून के खिलाफ एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया, मेजर जनरल (रिटायर्ड) एस जी वोमबटकेरे, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण शौरी और सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी. दायर याचिका में कहा गया कि असहमति की आवाज को रोकने या दबाने के लिए केंद्र सरकार राजद्रोह कानून का इस्तेमाल कर रही है और उसे अपना हथियार बनाते हुए लोगों को जेल में डाल रही थी. इस याचिका पर सुनवाई करते हुए साल 2022 के 11 मई को राजद्रोह कानून पर रोक लगाई गई थी, जिसे 31 अक्टूबर 2022 को बढ़ा दिया गया था. उस वक्त के चीफ जस्टिस



एनवी रमना की अध्यक्षता वाली पीठ ने अपने आदेश में कहा था कि राजद्रोह कानून के इस्तेमाल पर रोक लगा दिया जाए और पुनर्विचार तक राजद्रोह कानून यानी 124ए के तहत कोई नया मामला दर्ज न किया जाए. तत्कालीन सीजेआई रमना की अध्यक्षता वाली पीठ ने अपने आदेश में कहा था कि इस धारा की कठोरता वर्तमान के समाज के लिए सही नहीं है. जब तक धारा 12 के प्रावधानों की पूरी तरह से जांच नहीं हो जाती, तब तक इस कानून के प्रावधानों का उपयोग करना ठीक नहीं है. सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा था कि वह राजद्रोह की सीमा को परिभाषित करें. भारत में भी भारतीय दंड संहिता की धारा 124-ए राजद्रोह या देशद्रोह से संबंधित है. इस धारा के अनुसार कोई भी व्यक्ति जो बोलकर, लिखकर, इशारों या चिन्हों के जरिये या किसी और माध्यम से नफरत फैलाता है, अवमानना करता है, लोगों को उत्तेजित करता है या असंतोष भड़काने की कोशिश करता है. वह व्यक्ति राजद्रोह का दोषी माना जाएगा. ज्यादातर लोगों को लगता है कि राजद्रोह और देशद्रोह एक ही है. लेकिन दोनों में अंतर है. आसान भाषा में समझे तो राजद्रोह का केस सरकार की मानहानि या अवमानना के मामले में बनता है और देशद्रोह का केस देश की मानहानि या अवमानना के मामले में बनता है. हालांकि, भारत में राजद्रोह या देशद्रोह दोनों ही मामलों में केस आईपीसी की धारा 124-ए के तहत ही दर्ज किया जाता है. राजद्रोह कानून को 1870 में लागू किया गया था उस वक्त देश में अंग्रेजों का शासनकाल था और ब्रिटिश सरकार इस कानून का उपयोग उनका विरोध करने वाले लोगों के खिलाफ किया जाता था. मैकाले ने इस कानून का ड्राफ्ट तैयार किया था. ब्रिटिश शासन काल में सरकार के विद्रोही स्वरूप अपनाने वालों के खिलाफ राजद्रोह कानून के तहत ही मुकदमा चलाया जाता था. सबसे पहले 1897 में बाल गंगाधर तिलक के खिलाफ इसे इस्तेमाल किया गया था.

## राज्यों में नहीं होगी खरीफ सीजन के बीजों की कमी

**नई दिल्ली।** रबी सीजन की फसल कटकर मंडी पहुंच चुकी है. थोड़ी बहुत जो फसल रह गई है. उसका कटान लगातार जारी है. ऐसे में किसानों ने अब खरीफ सीजन को लेकर तैयारी शुरू कर दी है. वहीं खेतों में बीजों की उपलब्धता और बुवाई संबंधी सभी मामलों को लेकर केंद्र और राज्य सरकार के स्तर से तैयारी चल रही है. ऐसे में खेतों में बुवाई को लेकर किसी तरह का संकट न होने पाए. वहीं इस साल देश में अलनीनो का प्रभाव भी देखने को मिल सकता है. प्रशांत महासागर में पेरू के निकट समुद्री तट के गर्म होने की घटना को अल-नीनो कहा जाता है. इसे ऐसे समझ लीजिए कि समुद्र के तापमान और वायुमंडलीय परिस्थितियों में जो बदलाव देखने को मिलते हैं. उस समुद्री घटना को अल नीनो का नाम दिया गया है. सामान्य बदलाव होता है तो समुद्र का तापमान 2 से 3 डिग्री तक बड़ता है, जबकि अधिक अल नीनो का प्रभाव दिखता है तो तापमान 4-5 डिग्री या इससे और अधिक बड़ सकता है. अल नीनो का असर दुनिया भर में देखने को मिलता है. इससे कई जगह सूखा, लू जैसे हालात तो कई जगह बारिश होने की संभावना अधिक रहती है. केंद्र सरकार ने साफ कर दिया है कि मौसम की वजह से होने वाली खबर स्थिति को लेकर राज्य सरकार हर लेवल पर तैयार रहें. कम बारिश होने की दशा में राज्यों में किसानों के लिए बीज की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए. राज्यों में बीज उपलब्धता देखने, सिंचाई का मूल्यांकन करने के लिए कहा है. इसी आधार ओर किसानों की मदद की सकेगी. खरीफ



बुवाई सत्र 2023-24 को लेकर केंद्र सरकार तैयारी कर रही है. इसको लेकर हाल में एक सम्मेलन का आयोजन भी किया गया. सम्मेलन में केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि राज्यों को कृषि क्षेत्र में कच्चे माल की लागत में कटौती, उत्पादन और किसानों की इनकम ब?ाने के लिए कृषि क्षेत्र में प्रौद्योगिकी को बड़ावा दिया जाए. किसानों को गारंटीशुदा लाभ की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए.

## गीता फोगाट और उनके पति को दिल्ली पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दंगल गर्ल गीता फोगाट ने गुरुवार शाम ट्वीट करते हुए दावा किया कि दिल्ली पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है. उन्होंने ट्विटर पर लिखा, मैं अपने पति पवन सरोहा के साथ दिल्ली में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे अपने भाई-बहनों से मिलने जा रही थीं. इसी दौरान करनाल बाइपास पर दिल्ली पुलिस ने रोक लिया. इसके बाद फिर हमें थाने ले गए और कहने लगे कि दो ही रास्ते हैं या तो वापस चले जाओ या फिर पुलिस के घर चलो. इसके बाद हमें गिरफ्तार कर लिया गया. ये बहुत ही दुखद है. हालांकि इस पूरे मामले में अभी तक दिल्ली पुलिस की तरफ से कोई जानकारी सामने नहीं आई है. गौरतलब है कि, बुधवार रात को जंतर मंतर पर हुए बवाल के बाद पहलवानों में काफी गुस्सा है. पहलवानों का आरोप है कि दिल्ली पुलिस ने बुधवार रात को धरना दे रहे पहलवानों के साथ मारपीट की. इस हाथापाई में कुछ पहलवानों के सिर में चोटें भी आई हैं. इस घटना के बाद विनेश फोगाट ने ऐलान किया है कि पहलवान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जीते हुए सभी मेडल लौटाएंगे. विनेश फोगाट ने कहा, हमें अपमानित किया जा रहा है, जमीन पर घसीटा जा रहा है. ऐसे में हम अपने सभी मेडल लौटा देंगे. वहीं, बजरंग पूनिया ने कहा, अगर ऐसे ही सम्मान हुआ, तो हम मेडल का क्या करेंगे. हम वो मेडल लौटा देंगे भारत सरकार को. वहीं महावीर फोगाट ने भी द्रोणाचार्य अवार्ड वापस लौटाने की चेतावनी दी है. उन्होंने कहा, अगर खिलाड़ियों को न्याय नहीं मिला तो मैं भी द्रोणाचार्य अवार्ड नहीं रखूंगा और उसे लौटा दूंगा. उन्होंने जंतर मंतर पर बैठे खिलाड़ियों पर हुए हमले को निंदनीय बताया. बता दें कि, पहलवानों ने शनिवार को हैशटैग अभियान चलाया. विनेश ने इस हैशटैग से पोस्ट किया, अधर्म से धर्म की इस लड़ाई में आपका सहयोग ही हमारी हिम्मत है. दूसरी तरफ बजरंग ने लिखा- यहां बिजली, पानी भी बंद कर दिया गया है.





## 25 ब्रह्माकुमारी कन्याओं ने अपना जीवन समर्पण कर भारत को स्वर्णिम भारत बनाने विश्व कल्याण के लिए लिया संकल्प शिव बाबा के साथ लिए सात फेरे : संध्या राय सांसद

**महाराजपुरा, मालनपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय मालनपुर महाराजपुरा आश्रम में तीन दिवसीय समर्पण समारोह समर्पण महोत्सव में गोल्डन वर्ल्ड रिट्रीट सेंटर महाराजपुरा में 25 कन्याओं ने प्रथम दिवसीय कार्यक्रम 3 मई बुधवार को शिव बाबा के साथ विवाह कर सात फेरे लेकर रस्म अदा की गई सभी कन्याओं ने शिव बाबा भोलेनाथ की पिंडी को माला पहनाकर विवाह किया उपस्थित सभी लोगों ने इन कन्याओं की समर्पण दिवस में हजारों लोग साक्षी बने इन कन्याओं ने अपना जीवन शिव बाबा को समर्पित किया तथा लोक कल्याण एवं जन सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित किया भोपाल जोन की डायरेक्टर बीके अवधेश बहन जी ने सभी कन्याओं को समर्पण दिवस के अवसर पर शपथ दिलाई कार्यक्रम में बीके कलाकारों के द्वारा नृत्य आदि प्रस्तुत किए गए राजयोगिनी शारदा बहिन एवं राजयोगिनी अवधेश बहन के द्वारा अतिथियों को ईश्वरीय सौगात वा टोली प्रशादी दी गई इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भिंड दतिया सांसद संध्या राय विशिष्ट अतिथि राम कुमार गुप्ता भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पोरसा राजयोगिनी शारदा दीदी राष्ट्रीय संयोजिका महिला प्रभाग एवं क्षेत्रीय निर्देशिका अंबाबाड़ी अहमदाबाद राजयोगिनी अवधेश दीदी राष्ट्रीय संयोजिका प्रशासक सेवा विभाग एवं क्षेत्रीय निर्देशिका भोपाल जोन बीके ज्योति बहिन बीके रेखा बहन पोरसा बीके सतनाम भाई बीके आशीष भाई बीके प्रहलाद भाई बीके सनातन भाई बीके मुकेश भाई बीके महेश भाई आदि हजारों की संख्या में भाई बहिन उपस्थित रहे।

# सीएम राइज स्कूलों को अन्य स्कूलों के लिए आदर्श स्कूल बनाएं : कलेक्टर

## सीएम राइज स्कूलों की जिला शिक्षा अधिकारी नियमित समीक्षा करें: कलेक्टर

रीवा। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सीएम राइज स्कूलों के कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सीएम राइज स्कूल शासन की उच्च प्राथमिकता की योजना है। जिले के सभी 12 सीएम राइज स्कूलों को शिक्षा की गुणवत्ता तथा समस्त व्यवस्थाओं में अन्य स्कूलों के लिए आदर्श स्कूल जैसा बनाएं। प्रत्येक कक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित करें। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए लगातार प्रयास करें। सभी प्राचार्य शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की कठिनाईयों को दूर करने का प्रयास करें। स्कूल में सकारात्मक वातावरण में शिक्षा की व्यवस्था करें। प्रत्येक कक्षा के लिए हर माह का लेसन प्लान तैयार करके उसके अनुरूप कक्षाएं संचालित करें। सीएम राइज स्कूल के कार्यों की हर माह समीक्षा की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी सीएम राइज स्कूलों की व्यवस्थाओं की नियमित मॉनीटरिंग करें।

कलेक्टर ने कहा कि सीएम राइज स्कूलों के लिए नवीन भवन निर्माण प्रस्तावित किए गए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी सभी स्कूलों के लिए भवन निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति जारी



कराएं। इन सभी स्कूलों के भवन निर्माण के लिए स्थान निर्धारित कर दिया गया है। सीएम राइज स्कूलों के लिए चिन्हित स्थलों में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही अपर कलेक्टर तथा जिला शिक्षा अधिकारी करेंगे। स्वीकृत स्थलों में निर्माण कार्य तत्काल शुरू कराएं। डभौरा में वर्तमान भवन को तो?कर नया भवन बनाया जाएगा। प्राचार्य नए भवन के निर्माण तक कक्षाएं संचालित कराने के लिए वैकल्पिक भवन की व्यवस्था करें। भवन के किराए निर्धारण तथा अन्य औपचारिकताएं पूरी कराएं जिससे नए भवन का निर्माण शुरू कराया जा सके। प्राचार्यों को शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए जो प्रशिक्षण दिया गया है उसे स्कूल में मूर्त रूप देने का प्रयास करें। सभी प्राचार्य अपनी स्कूल के शैक्षणिक विकास की कार्ययोजना बनाकर उसके अनुरूप स्कूल का संचालन करें। बैठक में सीएम राइज स्कूलों में गत एक वर्ष में किए गए विभिन्न सुधारों को प्रस्तुत किया गया। इसमें कक्षाओं की व्यवस्था, शैक्षणिक गतिविधियाँ, शिक्षकों के प्रशिक्षण, खेलकूद तथा अन्य गतिविधियाँ एवं विद्यार्थियों की सफलताओं को प्रदर्शित किया गया। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी जीपी उपाध्याय ने सीएम राइज स्कूलों के संबंध में जानकारी प्रस्तुत की। बैठक में सीएम राइज स्कूलों के प्राचार्य उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने 17 वरिष्ठ बैंक अधिकारियों को दिया नोटिस

रीवा। सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण में रूचि न दिखाने पर कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने 17 वरिष्ठ बैंक अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस दिया है। जारी नोटिस के अनुसार अग्रणी बैंक प्रबंधक के पास सीएम हेल्पलाइन की 846 शिकायतें लंबित हैं। इनमें से अधिकतर सामान्य बैंकिंग प्रणाली में होने वाली असुविधाओं तथा बैंक अधिकारियों द्वारा आमजनों से उचित व्यवहार न किए जाने से संबंधित हैं। शासन की विभिन्न योजनाओं के ऋण प्रकरणों से भी जु?ी कई शिकायतें हैं। बैंक अधिकारी शिकायतकर्ता की परेशानी दूर करने तथा शिकायतों को संतुष्टिपूर्वक निराकृत करने का प्रयास नहीं कर रहे हैं जिसके कारण सीएम हेल्पलाइन की ग्रेडिंग में वित्त विभाग की स्थिति और जिले की स्थिति में विपरीत असर प? रहा है। इसलिए तीन दिन की समय-सीमा में लंबित प्रकरणों का निराकरण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। समय-सीमा में संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए सक्षम अधिकारी को प्रस्ताव भेजा जाएगा।

जारी अलग-अलग नोटिस के अनुसार अन्य बैंक अधिकारियों तथा शाखा प्रबंधकों के पास भी इसी तरह के सीएम हेल्पलाइन के प्रकरण लंबित हैं जिसके कारण कलेक्टर द्वारा कारण बताओ नोटिस दिया गया है। कलेक्टर ने अग्रणी बैंक प्रबंधक संजय निगम, क्षेत्रीय प्रबंधक यूको बैंक हार्दिक शर्मा, सर्किल हेड पंजाब नेशनल बैंक मुकुल अग्रवाल, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के दिलीप कुमार मिश्रा, क्षेत्रीय प्रबंधक



बैंक ऑफ ब?ौदा रूप नारायण सिंह तथा बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रबंधक राकेश रंजन को नोटिस दिया है। कलेक्टर ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र के क्षेत्रीय प्रबंधक ओंकार कुमार, मध्यांचल ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधकपद्म कुमार जैन, आईसीआईसीआई बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक पीयूष अरोड़ा, एचडीएफसी बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक धनंजय मिश्रा, आईडीबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक मुकेश अग्रवाल तथा एक्सिस बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक नितिन कुमार अग्रवाल को भी नोटिस दिया है। कलेक्टर ने केनरा बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक जीसी सरकार, आईडीएफसी बैंक के स्टेट हेड शाहिद शेख, इंडसइंड बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक करन ढकेता, कोटक महिंद्रा बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक विवेक बैसल तथा इंडियन ओवरसीज बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक शंकरनंद झा को नोटिस दिया है।

## ग्राम पंचायत गुखौर में नल जल योजना हुई ध्वस्त



**सत्येंद्र कुमार प्रजापति की पुष्पांजली टुडे की खबर**

**पन्ना-** पन्ना जिले के देवेंद्रनगर अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गुखौर में पन्ना जिले में संचालित नल जल योजना अंतर्गत पीएचई विभाग द्वारा पाइप लाइन डालकर कार्य किया जा रहा था जो 2022 से आज तक कंप्लीट नहीं हुआ है गड्ढे खोद कर पाइप डाल दिए गए थे किंतु आज तक टेस्टिंग करके नल जल योजना को चालू नहीं किया गया ठेकेदार का पता नहीं रहता है मजदूर काम नहीं करते हैं सीधा सा कहा जाए तो काम बंद चल रहा है और आज तक काम शुरू नहीं किया गया है जितना काम किया गया था उतना आज भी है ग्रामीण जनों के द्वारा सीएम हेल्पलाइन और पत्र के माध्यम से शिकायतें जिले के कलेक्टर महोदय तक पहुंचाई गई किंतु आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है और ना काम को शुरू किया गया है जिससे ग्रामीणों को पेयजल व्यवस्था की बहुत बड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा है देखा जाए तो पेय जल व्यवस्था के लिए शासन करोड़ों रुपए खर्च कर रही है लेकिन अगर ऐसा ही चलता रहा बनी बनाई व्यवस्था ही खत्म होती नजर आ रही है अब न रोड बची और न पानी मिला अब देखना यह है कि इस खबर का कितना असर होता है

## शिकारीपाड़ा प्रखंड सभागार में आयोजित ग्राम प्रधानों की मासिक बैठक में शामिल हुए दुमका के अनुमंडल पदाधिकारी



दुमका/झारखंड। शिकारीपाड़ा प्रखंड सभागार में गुरुवार को आयोजित ग्राम प्रधानों की मासिक बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी कौशल कुमार दुमका भी शामिल हुए। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी ने ग्राम प्रधानों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि सभी ग्राम प्रधान अपने अपने क्षेत्र में अवैध पत्थर एवं कोयला उत्खनन पर रोक लगाने हेतु उसकी सूची अंचल कार्यालय को उपलब्ध कराएं ताकि अवैध खनन कार्यों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जा सके और अवैध कारोबार को पूर्णता बंद किया जा सके। इसके साथ ही ग्रामीणों को समझा कर ग्रामसभा कराएं ताकि विकास की गाड़ी दौड़ सके। ग्राम स्तर पर जो जो योजनाएं लेनी है जब तक ग्रामसभा से पारित नहीं होगी तब तक उस पर अमल नहीं किया जा सकता है,इसलिए ग्रामीणों को विश्वास में लेकर ग्राम सभा आयोजित करें। राशि की कमी नहीं है योजना पारित करें और योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाएं ।बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार चौधरी, अंचलाधिकारी राजू कमल, प्रभारी अंचल निरीक्षक स्नेह लता मुर्मू के साथ सभी राजस्व कर्मचारी एवं ग्राम प्रधान मौजूद थे।

## किसानों को जैविक खेती अपनाने की सलाह



भोपाल।।संयुक्त संचालक कृषि बी.एल.बिलैया ने कहा हैं कि जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार सभी संभव उपाय करेगी। उन्होंने कहा हैं कि मध्यप्रदेश की खेती- किसानी में बढ़ते पेस्टिसाइड और रासायनिक खाद के उपयोग को रोकने के जैविक खाद निर्माण की प्रक्रिया को बढ़ाया जाएगा। इसके लिए सरकार पशुपालन विभाग के साथ मिलकर एक नए मॉडल को विकसित कर लागू करेगी। कृषि विभाग ने कहा कि गौशालाओं में निजी भागीदारी भी सुनिश्चित करने के प्रयास करेंगे, जिससे जैविक खाद निर्माण में और अधिक बेहतर परिणाम प्राप्त हो सके। पशुपालन विभाग के साथ कृषि विभाग के वैज्ञानिक अनुसंधान कर प्रदेश की गौशालाओं को आत्म-निर्भर बनाएंगे। निजी सहभागिता से चलने वाली गौशालाओं की सतत निगरानी की जाएगी, जिससे गौशालाओं का व्यवस्थित संचालन हो। गोबर और गोमूत्र का उपयोग हो और किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद मिल सके।

# जालसाजी करके उत्तर प्रदेश सरकार को धोखा देने, झूठे तथ्य प्रस्तुत करने एवं सन 2018 से सरकारी अभिलेखों में प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में, सोशल मीडिया पर झूठा प्रचार प्रसार करने के संबंध में

डॉ शुभिका प्रधानाचार्य राजकीय कन्या इंटर कॉलेज कलाई द्वारा स्वयं को सन 2018 से जिला संगठन आयुक्त पद पर लिख रही हैं। जब के प्रादेशिक मुख्य लखनऊ के आदेशानुसार सन 2018 से डॉ शुभिका प्रधानाचार्य राजकीय कन्या इंटर कॉलेज कलाई को अधिकार पत्र नहीं दिया है। संस्तुति 3 बार श्रीमान जिला मुख्य आयुक्त महोदय भारत स्काउट और गाइड/ जिला विद्यालय अलीगढ़ द्वारा डॉ कंचन जैन की हुई। डॉ कंचन जैन की फाइलों को गायब कर के, झूठे तथ्य प्रस्तुत करके डॉ शुभिका प्रधानाचार्य राजकीय कन्या इंटर कॉलेज कलाई को जिला संगठन आयुक्त गाइड पद पर नियुक्ति बताकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है। प्रमाण पत्रों से ,प्रादेशिक मुख्य लखनऊ से पुष्टि की जा सकती है। जिस जिला संस्था भारत स्काउट व गाइड जिला अलीगढ़ की बात कर रहे हैं, उनके द्वारा नियुक्तियों में फर्जीवाड़ा किया गया है।

डॉ कंचन जैन ने कहा कि प्रादेशिक मुख्यालय लखनऊ के पत्रांक संख्या सं0सी जी-109/114/970/2020-21 दिनांक 2-12- 2021 के अनुसार, नियम 115 और नियम 117 राष्ट्रीय मुख्यालय दिल्ली के नियमानुसार, योग्यतानुसार जिला संगठन आयुक्त और जिला प्रशिक्षण आयुक्त पदों पर नियुक्तियां नहीं हुई। श्री कुलदीप सक्सेना जी भी तो जिला प्रशिक्षण आयुक्त पद पर जिला सचिव भारत स्काउट और गाइड प्रधानाचार्य तलेसरा इंटर कॉलेज तलेसरा श्री डालेश कांकरान जी द्वारा नियुक्त है। फर्जी नियुक्ति प्रकरण में जांच चल रही है।

श्री कुलदीप सक्सैना जी वर्षों से एचडब्ल्यूबी है। प्री-ए एल टी के लिए प्रयासरत नहीं रहे। क्योंकि जिला प्रशिक्षण आयुक्त की योग्यता के बारे में उपरोक्त पत्रांक संख्या में अंकित है। इससे पुराने भी प्रादेशिक मुख्यालय लखनऊ के पत्रांक संख्या में भी अंकित है। प्रादेशिक मुख्यालय लखनऊ के आदेशों की धज्जियां उड़ाते हुए जिला सचिव भारत स्काउट और गाइड जिला अलीगढ़ द्वारा उपरोक्त पदों पर नियुक्ति पत्र जारी कर दिए गए। जिसमें जिला आयुक्त स्काउट प्रधानाचार्य बाबूलाल जैन इंटर कॉलेज अलीगढ़ श्री अंबुज जैन एवं जिला आयुक्त गाइड प्रधानाचार्य टीकाराम कन्या इंटर कॉलेज अलीगढ़ डॉ इंदू सिंह जी की संलिप्तता बताई जाती है। उस समय रहे सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त अलीगढ़ मंडल अलीगढ़ ने हस्ताक्षर करने से स्पष्ट मना कर दिया था। इसकी पुष्टि की जा सकती है। जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड की योग्यता कम से कम सीनियर एचडब्ल्यूबी है। मगर साठगांठ करके श्रीमती ज्योति भार्गव को जो के एडवांस कोर्स किए हुए थीं, उपरोक्त पद पर जिला सचिव भारत स्काउट और गाइड प्रधानाचार्य तलेसरा इंटर कॉलेज तलेसरा श्री डालेश काकंरान जी द्वारा नियुक्ति पत्र जारी कर दिया गया। जबकि प्रादेशिक मुख्यालय लखनऊ ने स्वीकार नहीं किया। क्योंकि उन सभी नियुक्ति पत्रों पर प्रादेशिक मुख्यालय लखनऊ के अनुसार प्रादेशिक मुख्य आयुक्त लखनऊ के हस्ताक्षर होने थे।

**प्रादेशिक मुख्या लखनऊ के अनुसार पत्रांक संख्या**-टी एस -46/1768/2021-2022 दिनांक 27 मार्च 2022 के अनुसार महाविद्यालयों में बीएड पांच दिवसीय शिविर में प्रशिक्षक की योग्यता सीनियर एचडब्ल्यूबी रियूनियन कोर्स है। डॉ शुभिका प्रधानाचार्य राजकीय कन्या इंटर कॉलेज कलाई, और श्रीमती ज्योति भार्गव प्रवक्ता महेश्वर इंटर कॉलेज अलीगढ़ दोनो ही सीनियर एडब्ल्यूबी रियूनियन कोर्स नहीं है। मगर फिर डॉ शुभिका जी की ड्यूटी बीएड पंच दिवसीय शिविर में किस आधार पर, किसके आदेश से लगाई गई। सरकारी वेतन ,सरकारी रिलीविंग, सरकारी सुविधाओं के साथ-साथ उस महाविद्यालय से मानदेय और आने जाने का व्यय भी दिलवाया गया। सरकारी वेतन पर प्राइवेट एनजीओ का कार्य किया जा रहा है। सरकारी राजस्व की हानि, और उस समय डॉ शुभिका जी की कक्षाओं में उन ग्रामीण छात्राओं को किसने पढ़ाया। यानी कि सरकारी राजस्व की हानि के साथ साथ बच्चों की पढ़ाई का भी नुकसान हुआ। श्रीमती ज्योति भार्गव ना तो सीनियर एचडब्ल्यूबी रियूनियन है, फिर भी ड्यूटी लगाई गई। कभी-कभी तो श्रीमती ज्योति भार्गव प्रवक्ता महेश्वर इंटर कॉलेज अलीगढ़ अपनी ड्यूटी स्वयं ही डिग्री कॉलेजों में लगाती हैं। प्रश्न यह है कि वर्षों से अन्याय कौन सह रहा है। झूठे तथ्य प्रस्तुत करके, जालसाजी कौन कर रहा है। सरकारी राजस्व की हानि, बच्चों की पढ़ाई का नुकसान कौन कर रहा है। सरकारी प्रधानाचार्य होते हुए भी दौहरा लाभ कौन ले रहा है। सरकारी वेतन पर प्राइवेट एनजीओ का कार्य कौन कर रहा है। प्राइवेट एनजीओ के प्रचार प्रसार में ,सरकारी अभिलेखों में, महामहिम राजपाल महोदय तक भ्रामक सूचनाएं ,गलत सूचनाएं स्वयं को अधिकारी बताकर, लिखवाकर दोहरे लाभ कौन ले रहा है।

नोडल अधिकारी भारत स्काउट और गाइड/सरकारी प्रोफेसर धर्म समाज महाविद्यालय अलीगढ़ डॉ अंजना जी, एवं श्री कुलदीप सक्सेना प्रवक्ता हीरालाल बारह सैनी इंटर कॉलेज अलीगढ़ डॉक्टर कंचन जैन से कहते हैं कि जिला संस्था भारत स्काउट और गाइड ने ड्यूटी लगाने से मना कर दिया है। सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त अलीगढ़ मंडल अलीगढ़ श्रीमती नेहा कटियार जी को भी अवगत कराया मगर वह भी जिला संस्था की ही बात करती हैं। जिला आयुक्त गाइड प्रधानाचार्य टीकाराम कन्या इंटर कॉलेज डॉ इंदू सिंह जी ने कहा कि डॉ कंचन जैन के लिए ड्यूटी लगाने के लिए कभी मना नहीं किया है। मगर जिला संस्था अलीगढ़ में कौन मना कर रहा है। ऐसा कोई लिखित दस्तावेज नहीं दिखाया गया और ना ही कोई डॉ कंचन जैन को दिया गया। जिससे यह ज्ञात हो सके वह अधिकारी महोदय कौन है। जब भी प्रादेशिक मुख्यालय लखनऊ के नियमानुसार, योग्यतानुसार की बात होती है, प्रार्थना पत्र देने की बात, तब ही जिला संस्था भारत स्काउट की बात कहते हैं। महाविद्यालयों में बीएड पंच दिवसीय शिविर में प्रशिक्षक नियुक्त, जिला संगठन आयुक्त और जिला प्रशिक्षण आयुक्त पदों पर नियुक्ति की बात हो तो प्रादेशिक मुख्यालय लखनऊ एवं राष्ट्रीय मुख्यालय दिल्ली के नियमानुसार और योग्यता अनुसार होनी चाहिए। डॉ कंचन जैन को वर्षों से भारत स्काउट और गाइड के प्रशिक्षण के लिए अनुमति नहीं दी गई। जब कि डॉ कंचन जैन स्वयं के खर्चे से प्रशिक्षण करती है। इस बारे में भूतपूर्व शिक्षक विधायक महोदय को अवगत कराया गया तो उन्होंने प्रादेशिक सचिव प्रादेशिक मुख्यालय लखनऊ से बात की प्रादेशिक मुख्यालय लखनऊ ने कहां कि इस बाबत जिला आयुक्त गाइड प्रधानाचार्य टीकाराम कन्या इंटर कॉलेज डॉ इंदू सिंह जी से मिलें। डॉ इंदू सिंह जी ने कहा कि कमेटी बैठेगी, मीटिंग होगी वह वर्षों से यही कह रही हैं। लेकिन आज तक कोई भी मीटिंग नहीं हुई। दोहरा मापदंड अपनाते हुए, द्वेष भावना के चलते हुए डॉ शुभिका प्रवक्ता प्रधानाचार्य राजकीय कन्या इंटर कॉलेज कलाई को अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए ,अपनी आय बढ़ाने के लिए सरकारी सुविधाओं का लाभ देकर प्राइवेट एनजीओ भारत स्काउट और गाइड का प्रशिक्षण कराया गया। क्योंकि जब वह महाविद्यालय में शिविर कराएंगी तो सरकारी वेतन के साथ-साथ उस महाविद्यालय से भी मानदेय एवं आने जाने का व्यय भी मिलेगा। प्रश्न यह है कि राजकीय कन्या इंटर कॉलेज कलाई का क्या लाभ हुआ। सरकारी राजस्व की हानि के साथ साथ ,ग्रामीण छात्राओं की पढ़ाई का भी नुकसान हुआ। माननीय मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश सरकार, माननीय शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार से मांग है कि इन सभी सरकारी प्रधानाचार्यो की जांच कर कार्रवाई करें। जिससे कि यह ज्ञात होगा कि फर्जीवाड़ा अब तक कितना हुआ है और उसकी भरपाई कैसे होगी? और इसमें किस-किस की संलिप्तता है। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज कलाई की ग्रामीण छात्राओं का पढ़ाई का नुकसान हुआ सो अलग। डॉ कंचन जैन ने बताया कि वर्षों से हजारों प्रार्थना पत्र भारत स्काउट गाइड के सभी उच्च अधिकारी गणों को प्रेषित किए गए हैं एवं उत्तर प्रदेश सरकार को भी प्रेषित किए गए हैं मगर आज तक कोई भी कार्यवाही नहीं हुई है या सभी ने मिलकर फाइलों को दबा दिया है।

# हिन्दू संगठन के सदस्य पहुँचे गौशाला, गौसेवा के बाद संतो का से आशिर्बाद प्राप्त किया..

## ग्वालियर-श्री रिश्वानंद महाराज जी के मार्गदर्शन में

**सुरजीत राजावत**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

राष्ट्रीय हिन्दू एकता संगठन संस्थापक धर्मेन्द्र सिंह राजावत, प्रदेश अध्यक्ष आशुप्रताप सिंह राजावत, महिला प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती कुसुम बंटी सोलंकी, वेदप्रकाश सिंह, विशाल विशेन, अशोक सिंह तोमर, विजय सिंह राजावत, श्रीमती रंजना यादव, रानी चंदेल तथा संगठन के सभी पदाधिकारीओं द्वारा आज संगठन के सभी सदस्यों को गौ सेवा करने का एक मौका मिला, गाय माता जिनमे 33 करोड़ देवी देवताओं का बास होता हैं।जैसा कि हम लोग यहां वहा अलग अलग प्रकार से सभी भगवान और देवी देवताओं की पूजा अर्चना करते हैं। तो आप समझिए की हम सभी कितने सौभाग्य शाली है कि हमे 33 करोड़ देवी देवताओं की एक साथ पूजा और सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ है। ये किसी व्यक्ति विशेष का कार्य नहीं हे, ये हर हिंदू का धर्म और कर्तव्य है कि हम अपनी गाय माता की सेवा करें। और उनसे आशीर्वाद प्राप्त करे, सभी सम्मानित सदस्य लाल टिपारा गौशाला में गो माता की पूजा की तथा सभी ने मिलकर गायों को हरा चारा ओर गुड़ खिलाया तथा महिला प्रदेश अदयक्ष श्रीमती कुशुम सोलंकी व उनकी टीम ने गुरु महाराज रिश्वानंदजी का नारियल एवम साल देकर सम्मान किया तथा महाराज जी ने बताया की आपके युवा प्रदेश अध्यक्ष अशुप्रताप सिंह जी गत वर्षो से गौशाला में अपनी सेवाए विभिन्न प्रकार से प्रदान कर रहे है ओर उन्होंने कई संगठन में होने के साथ हमेशा गौसला को प्रथम प्राथमिकता दी ओर सर्वो परी गौ माता को माना तथा संस्थापक जी ओर प्रदेश अध्यक्ष अशुप्रताप सिंह जी ने महाराज का फूल मलाओ तथा पितामवरी से स्वागत बंधन किया लाल टिपारा गौसला संभाग की एक आदर्श गौसला है संस्थापक श्री धर्मेन्द्र सिंह जी, ओर युवा प्रदेशाध्यक्ष श्री आशु प्रताप सिंह राजावत जी ने गौसाला की समस्याओं को समझकर कर उस पर कार्य करने के लिए संगठन को आंगे किया व सभी अन्य साथी गड़ ने सहमति दी ओर एक नई ऊर्जा के साथ कार्य करने के लिए सभी पदाधिकारी ने उपस्थित होकर अपना ओर गोसाला के लिए महाराज को अशबशान दिया ..



# प्यासे पक्षियों को पानी पिलाएं आओ इस आदत को संस्कार बनाएं श्री ठाकुर

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

सनक,सनन्दन,सनातन,सनत कुमार की तपोभूमि सनकुआ धाम सेंव?ा से वरिष्ठ समाजसेवी एवं समाज सेवा टीम के संयोजक श्री ठाकुर एक ना एक यज्ञ हर दिन करते रहते हैं,आपको बता दें कि वरिष्ठ समाजसेवी श्यामू ठाकुर कभी बेजुबान जानवरों को खाना खिलाते हैं तो कभी मासूम बच्चों को और कभी संतो का आशीर्वाद लेते हैं तो कभी वरिष्ठ अधिकारियों का स्नेह । जी हां हम बात कर रहे हैं सनकुआ धाम की जिसे सभी तीर्थ स्थलों का भानेज कहा जाता है ऐसी तपोभूमि पर ही एक समाजसेवी ने भी जन्म लिया जो किसी ना किसी रूप में गरीबों, मासूमों, बेजुबानों,की सहायता कर संत उपदेशो व सनातन को मजबूत करने का काम करते रहते हैं, इसी कड़ी में आज वरिष्ठ समाजसेवी श्याम ठाकुर ने सेंव?ा नगर में जगह-जगह पक्षियों के लिए छीके टांगे और उन में पानी भरा इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी श्यामू ठाकुर ने कहा कि प्यासे पक्षियों को पानी पिलाएं आओ इस आदत को संस्कार बनाएं हम सभी लोग बेजुबान प्यासे पक्षियों को पानी पिलाए और सही अर्थों में यज्ञ कर पुण्य प्राप्त करें। आपको बताना चाहेंगे कि वरिष्ठ समाजसेवी श्यामू ठाकुर के इन्हीं कई कार्यों को लेकर कई वरिष्ठ अधिकारी,पत्रकार व साधु संत कई मंत्री, विधायक,केंद्रीय मंत्री भी समाजसेवी श्यामू ठाकुर को सम्मानित कर चुके हैं एवं उनकी प्रशंसा बड़े-बड़े मंचों से भी कर चुके हैं।



# शुभ विवाह उत्सव समारोह में शिक्षा के लिए राशि भेंट

**पुष्पाजंली टुड**
**नारायणलाल सेंणचा**

**पाली ।**राराम भोलाराम मांगीलाल सुपुत्र सुपुत्र स्व.भेराराम गहलोत खिमेल ने अपने सुपुत्र महेंद्र की शादी के भव्य समारोह खिमेल बेरा ढकलावाला मे श्री आईजी शिक्षण संस्थान, रानी को 11000/ रु. की घोषणा कर संस्थान के अध्यक्ष वनाराम को सुपुर्द कर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सहभागिता निभाई। इसी शुभ अवसर पर श्री आईजी शिक्षण संस्थान,रानी के सचिव घीसूलाल ने शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक प्रयास की सराहना की। इस शुभ अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष वनाराम कोषाध्यक्ष महोदय राणाराम शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष प्रभुराम चाचौड़ी और भभूताराम लकमा राम चौधरी बडौद, व्यवस्थापक प्रकाश चौधरी ने सभी दानदाताओं एवं भामाशाहो का आभार व्यक्त किया।इस कार्यक्रम मे खिमेल गांव के समस्त पंचगणों की उपस्थिति में सहयोग की घोषणा की शिक्षा के क्षेत्र में जागृती कार्यक्रम में संस्थान के अध्यक्ष महोदय वनाराम चांचोड़ी, सचिव महोदय घीसूलाल एवम संस्थान की कार्यशैली से प्रभावित होकर विकास के के इस क्रम मे आगलेचा परिवार से हंजाबाई धर्मपत्नी स्व.पुनाराम आगलेचा के सुपुत्र अनिल कुमार आगलेचा ने अपने पिता की स्मृति में श्री आई जी शिक्षण संस्थान रानी को शिक्षा के क्षेत्र में संस्थान को 51000/- रु. आर्थिक सहयोग की घोषणा कर संस्थान के विकास के लिए सहयोग किया। विकास के इस सकारात्मक प्रयास के लिए आगलेचा परिवार से घीसूलाल पुत्र चेनाराम आगलेचा ने भी अपनी माता स्व. रंबा देवी धर्मपत्नी चेनाराम की स्मृति में 51000/ रु. की घोषणा की । सहयोग की घोषणा के क्रम में आगलेचा परिवार से मोहनलाल पुत्र हीरालाल ने अपनी स्व. माता कंकू बाई की स्मृति में संस्थान को शिक्षा के लिए 51000/- रू. की घोषणा कर संस्थान के विकास के लिए सहयोग किया श्रीमान प्रभु राम जी चाचौड़ी ने संस्थान की ओर से सभी भामाशाहों का आभार व्यक्त किया। और संस्थान में पधारने के लिए अनुरोध किया।



# मौ नगर परिषद के अध्यक्ष ने उपाध्यक्ष एवं पार्षद का मनाया जन्मदिन



**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ बेताल सिंह गौड़**

नगर परिषद उपाध्यक्ष मौ पंकज कुशवाह जी पार्षद मायाराम यादव जी को फूल माला पहनाकर एवं केक काटकर जन्मदिन को सेलिब्रेट करते हुए नगर परिषद अध्यक्ष सज्जन सिंह यादव जी , डॉ वेताल सिंह गौड़ (पत्रकार)सुल्तान पार्षद जी, रामू कुशवाह जी, सोनू खान जी, महामंत्री राजू मिश्रा जी, प्रमोद पार्षद जी, आगम जैन जी, शुभम राठौड़, सुनील कुशवाहा जी, चौधरी दिलीप महाराज जी, अज्जू खान जी एवं सभी भाई बंधु उपस्थित रहे

# भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारीयों का चेन्नई एयरपोर्ट पर किया सम्मान

**पुष्पाजंली टुडे**



**चेन्नई**ः तामीलनाडु व्यापारी सघंठन 40 वां व्यापारी दिवस 5मई 2023 को सुबह10बजे आयोजित किया जाएगा। इस व्यापारी महासमेलन मे भाग लेने के लिए भारतीय उधोग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय चैरमेन बाबुलाल गुप्ता वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री एस. मुकुन्द मिश्रा सुनील पाण्डे चैन्नई हवाई अड्डे पहुचने पर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय वरिष्ठ महामंत्री एवम तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष स्वामी तेजानन्द भारतीय उधोग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय सचिव पदमचन्द छाजेड जैन ने अगवानी की।

# जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में चलाया जा रहा है प्रधानमंत्री जन सुरक्षा अभियान

## 1 मई से 30 जून 2023 तक चलेगा प्रधानमंत्री जन सुरक्षा अभियान

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** प्रधानमंत्री जन सुरक्षा अभियान के तहत् जिले के समस्त बैंक खाताधारकों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का लाभ देने हेतु जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में बैंकों के माध्यम से 1 मई 2023 से 30 जून 2023 तक शिविरआयोजित किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत् सभी बैंक खाताधारक जिनकी उम्र 18 से 70 वर्ष है। वार्षिक 20 रुपये प्रीमियम में दुर्घटना मृत्यु पर 2 लाख का दुर्घटना बीमा किया जाता है। दुर्घटना में आंशिक दिव्यांगता होने पर 1 लाख रूपये का सुरक्षा बीमा शामिल है। इसके अलावा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत् 436 रुपये वार्षिक प्रीमियम में दो लाख का सुरक्षा बीमा किया जाता है। यह उन सभी बैंक खाताधारकों के लिए है जिनकी उम्र 18 से 50 वर्ष है। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक श्री प्रताप सिंह ने बताया कि भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री जन सुरक्षा अभियान के तहत् 1 मई 2023 से 30 जून 2023 तक जिले के सभी बैंकों द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर कैंप लगाकर लोगों का बीमा किया जाना है। उन्होंने बताया कि जिन लोगों का बीमा अभी तक नहीं हुआ है। वे सभी आमजन आगामी 30 जून 2023 तक नजदीकी संबंधित बैंक शाखा में जाकर एवं आयोजित कैम्पों में जाकर फार्म भरें और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत् बीमा पॉलिसी लेकर अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। उन्होंने आमजन से प्रधानमंत्री जन सुरक्षा अभियान को सफल बनाने एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने का आग्रह किया।

# एक शस्त्र लायसेंस निलंबित

**शिवपुरी,** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट रवींद्र कुमार चौधरी ने पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा पर एक शस्त्र लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्यवाही शस्त्र अनुज्ञप्ति शस्त्र अधिनियम 1959 की धारा 17(3) बी के तहत की गई है।इस संबंध में जारी आदेश में थाना पोहरी के टपरपुरा निवासी धीरिया मोंगिया पुत्र कामेश्वर मोंगिया का शस्त्र लाइसेंस 135/2004/111/डीएम/एसआईपी पर दर्ज शस्त्र लायसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

# पुलिस ने आरोपी को 12 बोर की अधिया मय राउण्ड के किया गिरफ्तार

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**अमायन (भिण्ड) ।** पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपुसे के निर्देशन तथा मेहंगाव एसडीओपी आरकेएस राठौर के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे अवैध हथियारों की खरीद फरोख्त करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही के अभियान के पालन में दिनांक 03/05/23 को अमायन पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक लड़का शनिदेव मंदिर गहेली के पास ग्राम सिरसी रोड पर हथियार लिये बेचने की फिराक में खड़ा है। मुखविर की उक्त सूचना पर से मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान पर दविश दी गई तो एक लड़का पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे घेरबंदी कर पकड़ा एवं उसकी तलाशी ली गई तो उस पर एक 12 बोर की अधिया व एक 12 बोर का कारतूस मिला जिससे उस हथियार रखने का लायसेस चाहा गया जो उसने नहीं होना बताया एवं अपना नाम लाल सिंह उम्र 19 साल नि. ग्राम पिपरौली थाना अमायन का होना बताया। आरोपी का कृत्य आर्म्स एक्ट के तहत दण्डनीय होने से उक्त 12 बोर की अधिया मय राउण्ड के जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया जिसे दिनांक 04/05/23 को माननीय न्यायायलय मेहगांव पेश किया गया।सराहनीय भूमिका ः उपनिरीक्षक सुनील सिकरवार थाना प्रभारी अमावन,का सहायक उपनिरीक्षक कमल सिंह परमार,कार्य प्रधान आरक्षक कमल सिंह परिहार, कार्य प्रधान आरक्षक कोमल सिंह राठौर, आरक्षक राजकुमार लोधी, आरक्षक राघवेन्द्र सिंह गुर्जर की सराहनीय भूमिका रही।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय मालनपुर आश्रम में 25 कन्याओं का हुआ दिव्य समर्पण





**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**संवाददाता मालनपुर**
**पहलवान सिंह राजावत**

**मालनपुर ।**प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय मालनपुर महाराजपुरा आश्रम में तीन दिवसीय समर्पण समारोह समर्पण महोत्सव में गोल्डन वर्ल्ड रिट्रीट सेंटर महाराजपुरा में 25 कन्याओं ने प्रथम दिवसीय कार्यक्रम 3 मई बुधवार को शिव बाबा के साथ विवाह कर सात फेरे लेकर रस्म अदा की गई सभी कन्याओं ने शिव बाबा भोलेनाथ की पिंडी को माला पहनाकर विवाह किया उपस्थित सभी लोगों ने इन कन्याओं की समर्पण दिवस में हजारों लोग साक्षी बने इन कन्याओं ने अपना जीवन शिव बाबा को समर्पित किया तथा लोक कल्याण एवं जन सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित किया भोपाल जोन की डायरेक्टर बीके अवधेश बहन जी ने सभी कन्याओं को समर्पण दिवस के अवसर पर शपथ दिलाई कार्यक्रम में बीके कलाकारों के द्वारा नृत्य आदि प्रस्तुत किए गए राजयोगिनी शारदा बहिन एवं राजयोगिनी अवधेश बहन के द्वारा अतिथियों को ईश्वरीय सौगात वा प्रशादी दी गई इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भिंड दतिया सांसद संध्या राय विशिष्ट अतिथि राम कुमार गुप्ता भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पोरसा राजयोगिनी शारदा दीदी राष्ट्रीय संयोजिका महिला प्रभाग एवं क्षेत्रीय निर्देशिका अंबाबाड़ी अहमदाबाद राजयोगिनी अवधेश दीदी राष्ट्रीय संयोजिका प्रशासक सेवा विभाग एवं क्षेत्रीय निर्देशिका भोपाल जोन ज्योति बहन मालनपुर बी के बी के रेखा बहन पोरसा बी के आशीष भाई बीके प्रहलाद भाई सतनाम भाई बी के सनातन भाई बी के महेश भाई आदि हजारों की संख्या में भाई बहिन उपस्थित रहे

# विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर ढाबा संचालक ने पत्रकारों को किया सम्मानित





**पुष्पांजली टुडे**
**संवाददाता मालनपुर**

**मालनपुर** /औधोगिक क्षेत्र मालनपुर के समीप संचालित बंटू ढाबा संचालक दिनेश सिंह परिहार उर्फ बंटू ने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर क्षेत्र के पत्रकारों को मालाएं पहनाकर और उपहार भेंट कर सम्मानित कियाद्य इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पत्रकारों को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है वह सच उजागर करते हैं द्य पत्रकार ही जनता की आवाज को सरकार तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाते है द्य उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को सम्मानित कर मैं खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँद्य श्री परिहार ने कहा कि पत्रकार कड़ी धूप ठंड सर्दी में खोज खोज कर खबरें लाकर पेपर में प्रकाशित करते हैं अपनी जान जोखिम में डालकर गरीब की बात शासन तक पहुंचाने का माध्यम है कार्यक्रम में उपस्थित सभी पत्रकारों को कलम, डायरी एवं उपहार भेंट किए और मालाएं पहनाकर सम्मानित किया

# खरगोन एसडीएम कार्यालय पहुंच कर महामहिम राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**

आदिवासी छात्र संगठन जिला अध्यक्ष मोहन भूरिया ने बताया सर्व आदिवासी समाज की ओर से श्वद्द कॉलेज खरगोन का नामकरण जननायक टंट्या भील के नाम से हो क्योंकि खरगोन जिला अनुसुचित जाती एवं जनजाति बाहुल्य जिला है 70 प्रति शत जनसंख्या आदिवासी समुदाय की है दिनांक 2/5/2023 को जनभागीदारी समिति ने प्रस्ताव पारित कर स्वामी विवेकानंद के नाम पीजी कॉलेज खरगोन के नाम से प्रशासन स्तर पर स्वीकृति के लिए भेजा उसका विरोध सर्व आदिवासी समाज पुरजोर से विरोध करता है।क्योंकि भगवान टंट्या भील आदिवासी समाज की आस्था है खरगोन टंट्या भील की जन्म स्थली व कर्म स्थली है अपने घर में अपने को उनके नाम का दर्ज मिलना चाहिए।इसको लेकर सभी सामाजिक संगठन ने खरगोन एसडीएम को महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा इस बीच आदिवासी छात्र संगठन से सचिन रंधावा,जयश जिला अध्यक्ष कोलू खोड़े,मायराम आवाये, जयश सयोजक मोहन किराड़े ,ड्डुस्त्र1 लखन भावरे,प्रतीक पवार,कपिल पवार ,अशोक जमरे,सुभाष डावर,राजेंद्र पवार ,शांतिलाल बदोले ,प्रेम आदि पदाधिकारीगण उपस्थित हुए।



# झरगांव राजगोंड ग्रुप सभापति श्री सत्यवान सिंह ने क्षेत्र वासियो को वैशाख पूर्णिमा की दी बधाई



संवाददाता हेमचंद नागेश

**गरियाबंद** जिला मैनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत झरगांव राजगोंड ग्रुप सभापति श्री सत्यवान सिंह ने क्षेत्र वासियों को वैशाख पूर्णिमा पर्व पर बधाई दी श्री सत्यवान सिंह ने प्रेस वार्तालाप में दैनिक पुष्पांजलि टुडे न्यूज़पर कहा वैशाख भारतीय काल गणना के अनुसार वर्ष का दूसरा माह है। इस माह को एक पवित्र माह के रूप में माना जाता है। जिनका संबंध देव अवतारों और धार्मिक परंपराओं से है। ऐसा माना जाता है कि इस माह के शुक्ल पक्ष को अक्षय तृतीया के दिन विष्णु अवतारों नर-नारायण, परशुराम, नृसिंह और ह्ययग्रीव के अवतार हुआ और शुक्ल पक्ष की नवमी को देवी सीता धरती से प्रकट हुई।[1] कुछ मान्यताओं के अनुसार त्रेतायुग की शुरुआत भी वैशाख माह से हुई। इस माह की पवित्रता और दिव्यता के कारण ही कालान्तर में वैशाख माह की तिथियों का सम्बंध लोक परंपराओं में अनेक देव मंदिरों के पट खोलने और महोत्सवों के मनाने के साथ जोड़ दिया। यही कारण है कि हिन्दू धर्म के प्रसिद्ध मंदिर श्री केदारनाथ के कपाट वैशाख माह की अक्षय तृतीया को खुलते हैं।[1] इसी वैशाख के शुक्ल पक्ष की द्वितीया को एक और हिन्दू तीर्थ धाम पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा भी निकलती है। वैशाख कृष्ण पक्ष की अमावस्या को देववृक्ष वट की पूजा की जाती है।[1][2] यह भी माना जाता है कि भगवान बुद्ध की वैशाख पूजा %दत्थ गामणी% (लगभग 100-77 ई. पू.) नामक व्यक्ति ने लंका में प्रारम्भ करायी थी।

# रबी और उद्यानिकी फसलों की बर्बादी के बाद भी प्रदेश सरकार आपदाग्रस्त किसानों की कोई सुध नहीं ले रही : भाजपा

## भाजपा प्रदेश प्रवक्ता शर्मा ने पूछा : आपदा के ऐसे समय में प्रदेश के मुख्यमंत्री बघेल, जो खुद के और किसान का बेटा होने का ढिंढोरा पीटते घूमते हैं, कहाँ हैं?

**मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की खामोशी और सियासी पाखंड को देखते हुए लग नहीं रहा है कि वह किसान के बेटे ह: संदीप शर्मा**

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने कहा है कि हाल के दिनों में हुई लगातार बारिश, ओलावृष्टि और वज्रपात के कारण किसानों की रबी और उद्यानिकी फसलों की बर्बादी के बाद भी प्रदेश सरकार आपदाग्रस्त किसानों की कोई सुध नहीं ले रही है। श्री शर्मा ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की खामोशी और सियासी पाखंड को देखते हुए लग नहीं रहा है कि वह किसान के बेटे हैं।भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री शर्मा ने कहा कि अप्रैल-मई में बारिश ने वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। पिछले लगभग पखवाड़ेभर से लगातार हो रही बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि और वज्रपात से रबी और उद्यानिकी फसलें तबाह हो गई है, और किसानों का समूचा अर्थतंत्र चरमरा गया है। खासकर धान की फसल की हालत तो यह है कि लगभग 40 प्रतिशत धान के दाने खेत में ही झड़ गए हैं। ग्रामीण कृषि कार्य बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। श्री शर्मा ने सवाल किया कि आपदा के ऐसे समय में प्रदेश के मुख्यमंत्री बघेल, जो खुद के किसान और किसान का बेटा होने का ढिंढोरा पीटते घूमते हैं, कहाँ है? उनका कहीं अता-पता नहीं है! श्री शर्मा ने तंज कसा कि कभी-कभी तो मुख्यमंत्री बघेल के इस रवैए पर हैरानी होती है। आज जबकि पटवारी को बुलाकर आनावारी रिपोर्ट तैयार कराने, फसलों की क्षति का आकलन कराने और छत्तीसगढ़ के आपदा पीड़ित किसानों के लिए पर्याप्त मुआवजे की घोषणा करने की सबसे ज्यादा जरूरत है, तब यह सारे जरूरी काम छोड़कर मुख्यमंत्री बघेल न जाने किस कार्य में मशगूल हैं? श्री शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री बघेल की गतिविधियों को देखते हुए प्रदेश के जनमानस में सवाल उठ रहा है कि क्या मुख्यमंत्री बघेल सचमुच किसान के बेटे हैं?

# विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर 8 मई को जिला चिकित्सालय में होगा रक्तदान शिविर

**वृद्धाआश्रम में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर होगा**

आयोजित
रीतेश अवस्थी
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह**।इंडियन रेडक्रास सोसायटी, मध्यप्रदेश शाखा भोपाल द्वारा विश्व रेडक्रास के जनक सर हेनरी ड्यूनाट का जन्म दिन प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 08 मई 2023 को ÷विश्व रेडक्रास दिवस÷ के रूप में मनाया जायेगा। इस संबंध में सचिव रेडक्रास एवं सीईओ जिला पंचायत अजय श्रीवास्तव ने कहा रेडक्रास सोसायटी के जनक सर हेनरी ड्यूनॉट के जन्म दिवस ÷विश्व रेडक्रास दिवस÷ के अवसर पर भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा दमोह द्वारा जिला चिकित्सालय दमोह में रक्तदान शिविर एवं वृद्धाआश्रम दमोह में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन प्रातः 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक किया जायेगा। उन्होंने जिले के नागरिको से आग्रह करते हुये कहा उक्त शिविर में सम्मिलित होकर अपनी सहभागिता निभाए। इस संबंध में सचिव रेडक्रास एवं सीईओ जिला पंचायत अजय श्रीवास्तव ने कहा रेडक्रास सोसायटी के जनक सर हेनरी ड्यूनॉट के जन्म दिवस ÷विश्व रेडक्रास दिवस÷ के अवसर पर भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा दमोह द्वारा जिला चिकित्सालय दमोह में रक्तदान शिविर एवं वृद्धाआश्रम दमोह में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन प्रातः 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक किया जायेगा। उन्होंने जिले के नागरिको से आग्रह करते हुये कहा उक्त शिविर में सम्मिलित होकर अपनी सहभागिता निभाए।

# भाजपा प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी का बड़ा बयान

मुख्यमंत्री ने कल के बच्चे का वीडियो सार्वजनिक सभा में जारी किया। और बताया कि बच्चे ने उन्हें गाली दी। ऐसा कहते हुए सीएम ने उस बच्चे को बजरंग दल का सदस्य भी बताया। सीएम ने परसों कहा कि बजरंग दल को ठीक कर देंगे। ऐसे में उस बच्चे को बजरंग दल का सदस्य बताने कर उसका वीडियो सार्वजनिक करने के पीछे सीएम की मंशा काफ़ी ख़तरनाक लगती है। न केवल किसी बच्चे का ऐसा उपयोग क़ानूनन अपराध है बल्कि इससे बालक की सुरक्षा को भी गंभीर ख़तरा हो सकता है।मुख्यमंत्री वास्तव में राष्ट्रवादी और सनातन संगठनों से डर गए हैं। बौखलाहट में वे किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। एक ज़िम्मेदार संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति का इस तरह आपा खो देना नींदनीय है।भाजपा विधि विशेषज्ञों से विमर्श कर रही है। अगर ज़रूरी हुआ तो इस संबंध में बाल संरक्षण आयोग में सीएम के ख़िलाफ़ शिकायत दर्ज कराने समेत अन्य क़ानूनी विकल्पों पर भी विचार करेगी।

# प्रदेश की कांग्रेस सरकार की कुनीतियों के चलते आदिवासी समाज के 110 बच्चे डॉक्टर बनने से वंचित हो गए :भाजपा

**भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ठाकुर ने कहा : छत्तीसगढ़ में जबसे कांग्रेस की सरकार बनी है, आदिवासी समाज का उत्पीड़न हो रहा है**

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार की कुनीतियों के चलते आदिवासी समाज के 110 बच्चे डॉक्टर बनने से वंचित हो गए हैं। श्री ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आरक्षण और आदिवासियों के नाम पर सियासी ड्रामेबाजी तो खूब कर रहे हैं लेकिन आदिवासी समाज का हक मारकर वे आदिवासियों का सब कुछ छीनने पर आमादा हैं।भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री ठाकुर ने कहा कि आरक्षण पर स्थगन लेने में प्रदेश की भूपेश सरकार ने इतना ज्यादा विलंब कर दिया कि आदिवासी समाज के लगभग 110 बच्चों की, जिन्होंने नीट की परीक्षा उत्तीर्ण की, आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस की गंदी सियासत के चलते भर्ती ही नहीं हो पाई और वे डॉक्टर बनने से चूक गए। श्री ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की मुख्यमंत्री बघेल की अकर्मण्यता के कारण आरक्षण पर फैसला आने में इतना विलंब हुआ। मुख्यमंत्री बघेल और उनकी सरकार को प्रदेश को इस बात का जवाब देना होगा कि क्या मुख्यमंत्री बघेल नहीं चाहते कि वह 110 आदिवासी बच्चे डॉक्टर बनेंड़ क्या प्रदेश सरकार नहीं चाहती कि आदिवासी समाज के बच्चे पढ़-लिखकर कामयाबी की मिसाल कायम करेंभाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने आदिवासी बच्चों के भविष्य के साथ घिनौना खिलवाड़ करने का काम किया है। अब क्या न्याय का गढ़ कहलाने वाले छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार इन आदिवासी बच्चों के साथ न्याय करेगीड़ श्री ठाकुर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जब से कांग्रेस की सरकार बनी है, आदिवासी समाज के प्रति उसका दुराग्रह व लगातार सामने आता रहा है। आदिवासियों के प्रति प्रदेश सरकार आखिर कब तक अपनी दुर्भावना का प्रदर्शन करके उनके अधिकारों का हनन करेगी, प्रदेश के आदिवासी समाज के इस सवाल का जवाब मुख्यमंत्री बघेल और कांग्रेस को देना ही होगा।

# कांग्रेस राज में नशे का नेशनल हाईवे बनता जा रहा है छत्तीसगढ : कौशिक

## पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने कांग्रेस सरकार पर कसा तंज

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है, राज्य में राजनितिक,वित्तीय अराजकता है, राज्य के माथे को कलंकित करने का कार्य प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों में प्रदेश में केवल लूट की छुट जो मची हुई है, छत्तीसगढ़ के रास्ते देश के कई हिस्सों में बेखौफ गांजे की तस्करी जारी है और इन्हें संरक्षण कौन दे रहा इसका जवाब मुख्यमंत्री बघेल को देना चाहिएड़ लगातार गांजे की तस्करी जोरो से चल रही है मानो छत्तीसगढ़ नशे का नेशनल हाईवे बन चुका है। जिसे रोकने में प्रदेश की पुलिस नाकाम है और छत्तीसगढ़ प्रदेश गांजा तस्करों के लिए लोकप्रिय बन चुका है कारण है कांग्रेस सरकार की मौनता जिससे कि लगातार तस्करों का मनोबल मजबूत होता जा रहा है।उन्होनें कहा कि आये दिन केवल कुछ छोटे तस्करों को ही पकड़ कर पुलिस कार्रवाई के नाम पर दिखावा कर रही है। आज भी बड़े तस्कर या गिरोह पुलिस के हाथों से दूर है। उन्होंने कहा कि हाल ही में ही छत्तीसगढ़ से लगे सीमावर्ती राज्यों में करीब 10 हजार एकड़ में संगठित तौर पर गांजे की खेती का मामला सामने आया था और अब रायपुर के रास्ते ट्रक में लगभग एक करोड़ का गांजा उत्तरप्रदेश के रास्ते पाया गया इससे स्पष्ट हो रहा है कि छत्तीसगढ़ में नशे का कारोबार इतना ज्यादा है कि लगता है जैसे मुख्यमंत्री बघेल अपने संरक्षण में उड़ता छत्तीसगढ़ फिल्म बनाने में लगे हुए है। छत्तीसगढ़ के रास्ते देश के अन्य हिस्सों में तस्कर लगातार गांजे की तस्करी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ओडिशा से लगे महासमुंद जिले में भी गांजे की तस्करी लगातार बड़े जोरो- शोरो से हो रहा है, प्रदेश में लगातार हर गली, मोहल्ले में नशे का सामान इस कदर पहुंच रहा है कि लगता है सरकार की मौन सहमति है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से प्रदेश में गांजे की तस्करी लगातार हो रही है इससे स्पष्ट है कि तस्करों के लिए प्रदेश पूरी तरह से सुरक्षित है। पुलिस की कार्रवाई भी नहीं हो रही है। इन्हें पुलिस प्रशासन का संरक्षण भी मिल रहा है और इस समय गांजे की तस्करी को लेकर पूरे देश में छत्तीसगढ़ की पहचान नशे के नेशनल हाईवे के रूप में हो चुका है जो चिंता का विषय है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि कांग्रेस की कुनीतियों के कारण छत्तीसगढ़ शर्मसार हो चुका है।

# बजरंग दल को प्रतिबंधित या ठीक कर देने की नहीं, अपितु उससे लगातार प्रेरणा लेने की जरूरत है : भाजपा

**भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अमित ने कांग्रेस के सद्बुद्धि यज्ञ पर कटाक्ष कर कहा - इस यज्ञ हवन का प्रसाद मुख्यमंत्री बघेल को भी जरूर भेजें, सद्बुद्धि मिलेगी**

**कांग्रेस के हिंदू विरोधी चरित्र के नेतृत्वकर्ता मुख्यमंत्री जिस भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, वह पद की गरिमा के अनुकूल कतई नहीं है : साहू**

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अमित साहू ने कांग्रेस के लोगों द्वारा सद्बुद्धि यज्ञ करने पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इस यज्ञ हवन का प्रसाद वे लोग मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को भी जरूर भेजें, इससे सद्बुद्धि मिलेगी।भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री साहू ने कहा कि जिस बजरंग दल को प्रतिबंधित और ठीक कर देने की बातें कांग्रेसी कर रहे हैं, आज उन्हीं से प्रेरणा लेकर वे सद्बुद्धि यज्ञ कर रहे हैं। यह अच्छी बात है। श्री साहू ने कहा कि जो सनातन धर्म की रक्षा की बात करते हैं, गौ सेवा और रक्षा का कार्य करते हैं, भगवा ध्वज को सीने से लगाते हैं, उन्हें प्रतिबंधित या ठीक कर देने की नहीं, अपितु उनसे लगातार प्रेरणा लेने की जरूरत है। श्री साहू ने कहा कि कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में बजरंग दल की तुलना पीएफआई से करके इस पर प्रतिबंध लगाने का जो वादा कर्नाटक की जनता से किया, वह उसकी निकृष्टतम राजनीतिक सोच और तुष्टिकरण के साजिशाना इरादे का परिचायक है और इसकी कीमत कांग्रेस को चुकानी ही पड़ेगी। श्री साहू ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बघेल द्वारा बजरंग दल को ठीक करने की बात कहे जाने पर कहा कि चुनावी स्वार्थ में राम नाम की माला जपने वाले कालनेमियों को यह नहीं भूलना चाहिए कि बजरंगबली ने अंततः कालनेमि की क्या गति की थी? श्री साहू ने कहा कि कांग्रेस के हिंदू विरोधी चरित्र के नेतृत्वकर्ता मुख्यमंत्री बघेल अब अपने कुशासन, विफलताओं और वादाखिलाफी पर पर्दा डालकर प्रदेश को भ्रमित कर उकसाने वाली जिस भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, वह पद की गरिमा के अनुकूल कतई नहीं है।

# पांचवी अनुसूची क्षेत्रों में स्थानीय लोगों को भर्ती में प्राथमिकता का अधिकार वापस दिलाए भूपेशः विकास मरकाम

**सत्ता सुख में बस्तर -सरगुजा के आदिवासियों का अधिकार भूल गए हैं क वासी लखमा और अमरजीत भगत : विकास मरकाम**

**रायपुर** ।भाजपा अजजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से पूछा है कि बस्तर, सरगुजा और बिलासपुर संभाग के स्थानीय लोगों को भाजपा सरकार की भांति भर्ती ने प्राथमिकता का अधिकार कब मिलेगाड़विकास मरकाम ने कहा कि भूपेश सरकार की नाकामी के चलते आदिवासियों का 32त्न आरक्षण अधर में लटक गया था और स्थानीय भर्ती पूरी तरह बंद हो चुकी थी। भाजपा सरकार में सरगुजा, बस्तर और बिलासपुर संभाग के तृतीय और चतुर्थ श्रेणी की शासकीय भर्तियों में स्थानीय निवासियों को प्राथमिकता का अधिकार दिया था, जिसे भूपेश बघेल की इस सरकार ने 2022 से छीन लिया है। मैं भूपेश बघेल सरकार से कहना चाहता हूं पांचवी अनुसूची क्षेत्रों में 100त्न स्थानीय भर्ती के अधिकार को शीघ्रतापूर्वक वापस किया जाए। पांचवी अनुसूची वाले क्षेत्रों के आदिवासी युवाओं को उनका अधिकार, उनका रोजगार शीघ्र ही प्रदान किया जाए।विकास मरकाम ने कहा कि भूपेश सरकार की कई आदिवासी विरोधी नीतियों के चलते वनांचल के युवा मुख्यधारा से विमुख हो रहे हैं। ऐसे में तत्काल और त्वरित रूप से इन क्षेत्रों में भर्तियों और नियुक्तियों की आवश्यकता है। पूरे प्रदेश में भूपेश कार्यकाल में बेरोजगारी लगभग 25त्न के दर से बढ़ी है। लेकिन छत्तीसगढ़ के पांचवी अनुसूची क्षेत्रों में बेरोजगारी का दर और अधिक भयावह रूप से बढ़ा है। बड़ी बड़ी बात करने वाले सरगुजा और बस्तर संभाग के तीरंदाज मंत्री द्वय कवासी लखमा और अमरजीत भगत सत्ता सुख में बस्तर - सरगुजा के आदिवासियों का अधिकार भूल गए हैं। बेरोजगारी प्रदेश की सबसे बड़ी समस्या है। इससे प्रदेश का हर युवा ग्रसित है। कई भर्तियां भूपेश सरकार की अनिच्छा के चलते 2018 से लंबित है जबकि आदिवासी अंचलों में भर्तियां न के बराबर हुई है। विकास मरकाम ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा यदि बस्तर, सरगुजा और बिलासपुर के पांचवी अनुसूची क्षेत्रों की शासकीय भर्तियों ने स्थानीय निवासियों को प्राथमिकता का अधिकार वापस नहीं दिया गया तो अजजा मोर्चा द्वारा शीघ्र ही बड़ा विरोध प्रदर्शन किया जायेगा।

# बच्चे को बजरंग दल का सदस्य बताकर उसका वीडियो सार्वजनिक करने के पीछे मुख्यमंत्री बघेल की मंशा काड़ी ड़तरनाक लग रही : भाजपा

**भाजपा प्रदेश महामंत्री चौधरी ने कहा : ज़रूरी हुआ तो बाल संरक्षण आयोग में मुख्यमंत्री बघेल के ड़िलाड़ शिकायत दर्ज कराने समेत सभी ड़ानूनी विकल्पों पर विचार करेंगे**

**किसी बच्चे का ऐसा उपयोग न केवल ड़ानूनन अपराध है, अपितु इससे बच्चे की सुरक्षा को गंभीर ड़तरा हो सकता है: ओ.पी. चौधरी**

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री ओ.पी. चौधरी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा एक बच्चे का वीडियो जारी किए जाने पर इसके पीछे निहित मंशा पर सवाल उठाया है। श्री चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री बघेल ने ठीक एक दिन पहले ही %बजरंग दल को ठीक कर देंगे% कहा था। ऐसे में उस बच्चे को बजरंग दल का सदस्य बताकर उसका वीडियो सार्वजनिक करने के पीछे मुख्यमंत्री बघेल की मंशा काड़ी ड़तरनाक लग रही है। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री चौधरी ने कहा कि इस मामले पर भाजपा अब विधि विशेषज्ञों से विचार-विमर्श कर रही है। अगर ड़रूरी हुआ तो इस संबंध में बाल संरक्षण आयोग में मुख्यमंत्री बघेल के ड़िलाड़ शिकायत दर्ज कराने समेत अन्य ड़ानूनी विकल्पों पर भी विचार किया जाएगा। श्री चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री बघेल ने कल एक बच्चे का वीडियो सार्वजनिक सभा में जारी कर बताया था कि बच्चे ने उन्हें (मुख्यमंत्री को) गाली दी। ऐसा कहते हुए मुख्यमंत्री बघेल ने उस बच्चे को बजरंग दल का सदस्य भी बताया।भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री चौधरी ने कहा कि किसी बच्चे का ऐसे उपयोग के न केवल ड़ानूनी पक्ष हैं.अपितु इससे बच्चे की सुरक्षा को गंभीर ड़तरा हो सकता है। श्री चौधरी ने कहा कि इससे साड़ हो गया है कि मुख्यमंत्री बघेल वास्तव में राष्ट्वादी ताकतों और सनातन संगठनों से डर गए हैं और इस बौखलाहट में वे किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। एक ड़िम्मेदार संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति का इस तरह आपा खो देना घोर निंदनीय है।

# एनएस यू आई जिला सहसचिव केशव सिन्हा,विधानसभा उपाध्यक्ष देवेंद्र बीसी,विधानसभा सचिव खिलेंद्र दुर्गा बनाए जाने पर देवभोग में जोरदार स्वागत किया गया



संवाददाता हेमचंद नागेश

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मान. श्री नीरज कुंदन जी छतीसगड़ प्रभारी श्री विशाल चौधरी जी ,प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे जी, जिला प्रभारी श्री आदित्य बिसेन जी जिला अध्यक्ष रितेश दीक्षित जी व विधानसभा अध्यक्ष धर्मेंद्र बघेल जी के अनुशंसा पर देवभोग के छात्र नेता केशव सिन्हा को एनएसयूआई जिला सहसचिव,देवेंद्र बीसी विधानसभा उपाध्यक्ष, खिरेंद्र दुर्गा विधानसभा सचिव जी को नियुक्ति किया गया,जिला व विधानसभा में पद देने पर क्षेत्र के सभी युवा छात्र नेता और युवा कांग्रेस नेताओ ने खुशी जाहिर की हैं। युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष उमेश डोंगरे ने कहा इस क्षेत्र के युवाओं को राजनीति के क्षेत्र में अवसर देने की पहल जो की गई हैं निश्चित ही उसका फायदा आने वाले विधानसभा लोकसभा चुनाव में देखने को मिलेगा... आज केशव सिन्हा जी,देवेंद्र बीसी जी, खिरेंद्र दुर्गा जी का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया बधाई देने वालो में जिला उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस उमेश डोंगरे,किसान कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष आशीष पांडे, ब्लॉक सचिव नवीन सेन,पूर्व जिला संयोजक पंकज बीसी व छायासंत बीसी,दुर्गेश मरकाम,पुष्पेंद्र साहू,रमाकांत दौरा,दिव्यकान्त दौरा,



प्रियांशु नेताम,जयप्रकाश तिवारी,राहुल तिवारी,आभाष अवस्थी,मोहम्मद तोहिंम,भूपेश बघेल,योगेंद्र बघेल,ओंकार पात्र,निशु बघेल,पुनीत नेताम, भरत सिन्हा,प्रेम यादव,त्रिलोचन बीसी, शेषनारायण यादव,अमन साहू,त्रतिक राजपूत,अनिल बेसरा,प्रमोद बेसरा,भीष्म विभार,जीत कश्यप,नोहर, ईनेश सोनवानी, बीसी आदि सभी साथियों ने खुशी जाहिर की हैं।

# प्रदेश के मुखिया आतंक फैलाने वालों को संरक्षण दे रहे हैं : डॉ. गोविंद सिंह

**पंकज त्रिपाठी स्टेट हेड**
**पुष्पांजली टुडे**



**भोपाल ।** जबलपुर में कांग्रेस कार्यालय पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा किए गए हमले पर विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने शिवराज सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मध्यप्रदेश में आतंक फैलाने वालों को संरक्षण दे रहे हैं । बजरंग दल के कार्यकर्ता जिस पार्टी की सत्ता है उसी दल के कार्यकर्ता तो?फो? करें, आतंक करें और उसके खिलाफ कोई कार्रवाई न हो। आईपीसी और सीआरपीसी की धाराओं में कार्रवाई न हो।क्या ये धाराएं केवल विपक्षी दल के कार्यकर्ताओं के लिए ही हैं। शासकीय अधिकारियों कर्मचारियों पर हमला हो रहे हैं और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान निर्देश देकर उन सरकारी अधिकारियों को प्रताड़ित करने का काम कर रहे हैं। डॉ. सिंह ने कहा कि लाठी , बंदूक लेकर कर्मचारी पीटे जा रहे हैं, भारतीय जनता पार्टी के लोग राइफल लेकर हमला कर रहे हैं। शासकीय संपत्ति नष्ट कर रहे हैं। लेकिन मुख्यमंत्री कार्यवाही करने के लिए तैयार नहीं, बल्कि उनको संरक्षण दे रहे हैं। अधिकारी कर्मचारियों और आम जनता को पीड़ित कर रहे हैं । मुख्यमंत्री खुद को किसान का बेटा कहते हैं हमें लगता था यह किसान का बेटा न्याय करेगा। लेकिन शिवराज सिंह पूरी तरह से अपराधी तत्वों को संरक्षण दे रहे हैं। उन पर कार्यवाही नहीं कर रहे हैं और प्रजातंत्र का गला घोट कर लाठी के बल पर आगामी चुनाव लड़ना चाहते हैं । जनता इनको अगले चुनाव में आतंक के खिलाफ करारा जवाब देगी।

# प्रदेश के चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की जायज मांगे तत्काल माने सरकार : डॉ. गोविंद सिंह

### अस्पतालों में दम तोड़ते मरीजों को समय पर इलाज मिले

**पंकज त्रिपाठी स्टेट हेड**
**पुष्पांजली टुडे**

**भोपाल ।** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविन्द सिंह ने प्रदेश भर के डाक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों की जायज मांगों का समर्थन करने के साथ ही सरकार से अनुरोध किया है कि उनकी मांगे माने। साथ ही प्रदेश सरकार से मांग की है कि चिकित्सा विभाग में राज्य प्रशासनिक सेवा एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का हस्तक्षेप खत्म कर चिकित्सकों को स्वतंत्र अधिकार दिये जाये ।भाजपा के बूथ विजय संकल्प अभियान को उन्होंने भोजन, बैठक और विश्राम अभियान कहा एवं भाजपा का पराजय अभियान निरूपित किया है। उन्होंने कहा कि विकास यात्रा के दौरान जनता द्वारा भाजपा



नेताओं को कई स्थानों पर काले झण्डे दिखाकर भगाया गया। जनता का जनमानस अब पूरी तरह से भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ हो चुका है। सरकारी अधिकारियों/कर्मचारियों को दबाव डालकर भारतीय जनता पार्टी का कार्य करने के लिए विवश किया जा रहा है।पूर्व मंत्री दीपक जोशी द्वारा कांग्रेस पार्टी में सम्मिलित होने के निर्णय की डॉ. सिंह ने प्रशंसा करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी में उन्हें यथोचित मान सम्मान दिया जायेगा।दिल्ली में जन्तर - मन्तर पर पहलवान खिलाड़ियों द्वारा किये जा रहे शांति पूर्ण धरने पर पुलिस द्वारा लाठी चार्ज किये जाने की निन्दा करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि देश में लोकतंत्र पूरी तरह से समाप्ति की ओर है। तानाशाही का राज कायम होता जा रहा है, किन्तु देश व प्रदेश की जनता बहुत समझदार है, शीघ्र ही वह इस तानाशाही को उखाड़ फेंकेगी।

# रक्तदान सेवा के लिये प्रदेश अध्यक्ष को सम्मानित किया



**पुष्पांजलि टुडे - रिपोर्टर खंगारराम मुलेवा**

पाली जिला स्थित - रक्त कोष फाउंडेशन टीम सादड़ी प्रदेश अध्यक्ष सुरेश माली गोयल सादड़ी में रक्तदान करने पर क्षेत्र में नेक कार्य करने के लिए गुड़ा मांगलिया बायोसा सेवक मुकेश माली,जोधाराम माली, सादड़ी मैं रक्तदान करने के लिए माला और सापा पहनाकर स्वागत किया गया सुरेश गोयल ने युवाओं को प्रेरित कर 3634 युनट इमरजेंसी गर्भवती महिलाएं और एक्सीडेंट केस में रक्तदान करवा कर पुनीत कार्य किया

# मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के द्वितीय चरण की बैठक सम्पन्न

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के द्वितीय चरण के संबंध में बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई। इस दौरान एनआईसी कक्ष भिण्ड से कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस,अपर कलेक्टर जेपी सैयाम,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार, डिप्टी कलेक्टर पराग जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कुमार, डिप्टी कलेक्टर पराग जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।




# शिवपुरी पुलिस की अपराधियों पर कार्यवाही, पुलिस थाना दिनारा द्वारा थाने के अपराध मे फरार 5000/- रु. आरोपी को इनामी बदमाश को किया गिरफ्तार ।



**जगदीश पाल रिपोटर खनियाधाना**

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह द्वारा अपराधों मे फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु एवं अवैध माफिया के खिलाफ जोरो टॉलरेंस की निति के तहत कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं । जिसके तहत कार्यवाही करते हुये पुलिस थाना दिनारा द्वारा कार्यवाही करते हुये 5 हजार के इनामी बदमास को गिरफ्तार कर कार्यवाही की है ।दिनांक 21.04.2023 को फरियादिया मंजू यादव पुत्री ओमकार यादव उम्र 25 साल निवासी ग्राम आवास ने अपने घर में 02 अज्ञात बदमाशों द्वारा घर में घुसकर कट्टा अडाकर भय दिखाकर दो मंगलसूत्र छीनकर भाग जाने वावत् रिपोर्ट की रिपोर्ट पर से अप क्रं. 97/2023 धारा 394,398,459 ता.हि. ,11/13 एम पी डी पी के एक्ट का कायम कर विवेचना मे लिया गया था । अपराध की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा आरोपियों की जल्द से जल्द से जल्द गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया था । अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया एवं एसडीओपी करैरा श्री संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन मे पुलिस थाना दिनारा द्वारा विवेचना के दौरान एक आरोपी रवि रावत पुत्र शियाशरण रावत उम्र 24 साल निवासी ग्राम सुनाई थाना बडौनी को दिनांक 21.04.2023 को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त कट्टा जप्तकर न्यायालय पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। उक्त आरोपी द्वारा पूर्व में दिनांक 14.04.2023 को अपने साथी रवि रावत के साथ दिनारा के मनोज गुप्ता को रोककर लूटने की कोशिश की थी वह नही रुके तो रवि ने उनके ऊपर कट्टे से फायर भी किया था, जिस पर से थाना पर पूर्व से अप क्रं. 86/2023 धारा 307,34 ता.हि. का कायम होकर विवेचना में है, पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी हेतु 5000रु. की इनाम की घोषणा भी की थी । दिनांक 03.05.2023 को 5000/- रु. का इनामी आरोपी अभिषेक जाटव पुत्र अमृत सिंह जाटव उम्र 20 साल निवासी ग्राम जौरी थाना पंडोखर जिला दतिया हाल दतिया को पुलिस थाना दिनारा द्वारा गिरफ्तार कर पूछताछ कर घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल एवं लूटा हुआ एक मंगलसूत्र जप्त कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में पेश किया जा रहा है ।उक्त सराहनीय कार्य में उप निरीक्षक रामराजा तिवारी थाना प्रभारी दिनारा , सउनि सतीश जयंत चौकी प्रभारी थनरा , सउनि सोवरन सिंह सिसोदिया, सउनि विनोद गौतम, प्र.आर.276 रवि मांझी , प्र.आर.498 अशोक तिवारी, आर. 130 अंकित सिंह , आर. 747 मनोज यादव ,आर. 169 पुष्पेन्द्र सिंह , आर. 240 पीकेश कुमार , आर. 778 रामवीर सिंह, महिला आर. 1125 सिमरन शर्मा , सैनिक 276 धर्मपाल सिंह की सराहनीय भूमिका रही ।

# गोहद नगर में रिटायर हवलदार करारिया का बैंड बाजों के साथ रैली निकालकर जोरदार हुआ स्वागत

### नौजवान युवा ग्रामीणों के साथ-साथ नेताओं ने भी किया रिटायर फौजी का सम्मान





**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**गोहद ,,,,**भिंड जिले की गोहद तहसील के ग्राम कठुआ हाजी मैं भगवान सिंह करारिया माता श्रीमती माया देवी करारिया के घर जन्मे पुत्र महेश करोरिया की शिक्षा की शुरुआत गांव में ही स्थित विद्यालय में हुई थी शिक्षा ग्रहण करने के बाद महेश 17 मार्च 2003 को सेना में आरक्षक पद के लिए भर्ती हुए थे महेश सिंह करारिया ने 20 साल 1 महीना 15 दिन देश की सेवा करने के बाद वह 3 मई 2023 को सेवा निर्मित होने के बाद हवलदार महेश कोरिया पहली बार अपने गृह गांव कठुआ हाजी पहुंचने पर साथी युवा नौजवान एवं ग्रामीणजनो तथा नेताओं द्वारा उनका पुष्प वर्षा कर रैली निकालकर बड़ी भव्यता के साथ उनका सम्मान किया अपने स्वागत के द्वारा रिटायर हो हवलदार करारिया ने कहा कि देश की सीमा की रक्षा करने के बाद अब मैं गांव रहकर मेरा प्रयास रहेगा कि आसपास ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को सेना में भर्ती के लिए तैयार करने का प्रयास रहेगावही रिटायर हवलदार महेश करोरिया के स्वागत सम्मान में कांग्रेस पार्टी के जिला सचिव राजेंद्र सिंह परिहार द्वारा उनके निवास पर पहुंचकर सम्मान पूर्वक रिटायर होकर घर आगमन पर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की तस्वीर भेंट कर मुलाकात की तथा उन्हें देश की सेवा करने के खातिर शुभकामनाएं एवं बधाई दी इसके अलावा बधाई देने वालों में आशीष गुर्जर ब्लॉक अध्यक्ष गोहद विजय निगम जिला महासचिव बृजेश चौरसिया पिंकी ऊचाडिया मंडल अध्यक्ष कांग्रेस महेश कुमार कौशल मंडल अध्यक्ष नीरज बित्तथरिया, रघुनाथसिंह सुमन अभिषेक निगम ब्लॉक अध्यक्ष ऋऋद्ध विभाग उदय परिहार सूरज प्रजापति दिनेश कुमार माहौर धर्मेंद्र माहौर सोनू परिहार कली चौहान कली पंडित राम बिहारी चौहान के अलावा सभी ग्रामीण जन उपस्थित रहे

# पवित्र वैशाख माह में घर पर पार्थिव शिवलिंग का निर्माण



**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। पवित्र वैशाख माह में पंडित इंद्रकुमार चौरहा के निवास पर असंख्य पार्थिव शिवलिंग का निर्माण हो रहा है। इसको लेकर शहर के युवाओं और श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखने को मिला। मानव कल्याण, स्वास्थ्य, शहर कि सुख समृद्धि के लिए किये गए इस आयोजन में शहर के वरिष्ठ एवं युवाओं नें शामिल होकर पुण्य लाभ लिया। इस अवसर पर पंडित सतीश तिवारी जिला महामंत्री भाजपा, पंडित हरीश मिश्रा,गौरव चौरहा, आलोक चौबे, राहुल यादव,नितिन यादव, अजय यादव,अजीत उपाध्याय,निशांत यादव, चंद्रप्रकाश,रानी मिश्रा,महिमा चौरहा, विनोद बाई, हरसिद्धि परौहा, नीता गौतम, सुशीला चौरहा,परी गौतम, ऋक्षा मिश्रा,आदि श्रद्धालुओं कि शिवलिंग निर्माण में विशेष उपस्थिति रही ।

# बरुड़ में वर्तमान सरपंच के नेतृत्व में हुआ सि,सि रोड़ का भुमिपुजन

**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**

टांडा बरूड़ निप्र बरूड़ में विगत कई वर्षों से ग्रामीण जनों द्वारा ग्राम के मुख्य मार्ग वह सरस्वती शिशु मंदिर मार्ग के समीप सी.सी. रोड की मांग की जा रही थी,इसी क्रम में ग्राम की नवनिर्वाचित सरपंच श्रीमती रोशनी रूपकुमार कुमरावत ने ग्रामीण जनों की मांग को पूरा कर सी.सी. रोड का भूमि पूजन किया,यह रोड करीब 355000 की राशि से निर्मित होगा,भूमि पूजन ग्राम में कबीर पंथ गुरुगादी के महंत श्री कैलाश जी कुमरावत महाराज नयापुरा एवं उनके अनन्य भक्तों के द्वारा किया गया भूमि पूजन स्थल पर ग्राम के वरिष्ठ श्री नारायण जी गुप्ता टिंगू सेठ, भाजपा महिला मोर्चा मंडल महामंत्री सरपंच रोशनी रूपकुमार कुमरावत, व भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रूप कुमार कुमरावत उपसरपंच राकेश जी कुमरावत पंच संतोष जी कुमरावत पंच पति प्रकाश जी कुमरावत रामेश्वर जी कुमरावत, सीताराम जी कुमरावत हुकुमचंद जी कुमरावत, सत्यनारायण जी कुमरावत,सुनील जी गुप्ता टमु सेठ रामदास जी कुमरावत महेंद्र जी कुमरावत नारायण जी कुमरावत मंसु जी कुमरावत निगम जी कुमरावत ग्राम के वरिष्ठ एवं सम्माननीय जन उपस्थित रहे,सरपंच ने ग्राम के चहुमुखी विकास का वादा किया था और जल्द ही ग्राम में विकास कार्यो को गति मिलेगी।

# देवेंद्र नगर में खुले आम चल रही अवैध बालू से भरी ट्रैक्टरों की मंडी,थाना प्रशासन बना मूकदर्शक

### ज्वाहनों में पुलिस महकमें के मातहतों की पार्टनरशिप की बात आ रही सामने





**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा**
**पुष्पांजली टुडे की खबर**


पन्ना जिले से सत्तारूढ़ पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वी डी शर्मा सांसद और पन्ना के विधायक ब्रजेंद्र प्रताप सिंह खनिज साधन और श्रम मंत्री होना जिले की खनिज संपदा के लिए वरदान की जगह अभिशाप बनता जा रहा है।इसकी बानगी आए दिन बालू के खुले अमल खुले आम हो रहे बालू के अवैध उत्खनन और परिवहन की खबरें है।और अब यह काला व्यापार अजयगढ़ से निकल कर पूरे जिले में अवैध परिवहन के माध्यम से अपने पैर पसार चुका है और कई बालू माफियाओं के लिए लाल सोना के रूप में मोटी कमाई का जरिया बन चुका है।जिले का व्यापारिक केंद्र देवेंद्र नगर भी इन बालू माफियाओं के लिए चांदी काटने का मुफीद क्षेत्र बन चुका है यहां प्रतिदिन लगभग दर्जन भर ट्रैक्टर बालू लादे दिन भर धमाचौकड़ी मचाते है और तो और बालू माफिया इस कदर बेखौफ है की अवैध बालू से भरे ट्रैक्टर बाकायदा राणा पेट्रोल पंप के बगल से लगा कर दिन भर खुले आम मंडी लगाए रहते है पर मजाल थाना प्रशासन की जो इन पर कार्यवाही कर सकें।सूत्रों की माने तो ज्यादातर ट्रैक्टर में पुलिस महकमे के लोग ही शाझेदार बताए जा रहे है क्या आरक्षक,क्या प्रधान आरक्षक ,क्या फूलधारी यहां तक कि डायल हंड्रेड चलाने वाले ड्राइवर भी इस गोरखधंधे में शामिल बताए जा रहे है।जब जिम्मेदार विभाग ही ऐसी गतिविधियों में संलिप्तता रखेगा तो कार्यवाही होना तो संभव नहीं है और शायद यही वजह भी है की इतने खुले आम प्रशासन की नाक के नीचे ये व्यापार फल फूल रहा है।सूचना संकलन क्या कर रहा है? थाने में एक कर्मचारी सूचना संकलन के लिए ही निर्धारित रहता है जिसका कार्य वैध अवैध गतिविधियों की पूर्व सूचना संकलित करना होता है और लगभग प्रतिदिन पुलिस अधिक्षक को अवगत कराना होता है तो आखिर इस गोरख धंधे की सूचना संबंधित थाना प्रभारी और पुलिस अधिक्षक पन्ना को क्यो नही है?इसका जिम्मेदार कौन? और यदि है तो दोनो जिम्मेदार आखिर इतने दिनो से चल रहे अवैध परिवहन पर कार्यवाही पर चुप क्यों?खबर के सार्वजनिक होने के बाद क्या हो सकता है?यदि थाना देवेंद्र नगर की भूमिका संदिग्ध होगी तो वाहन चालकों को मामला शांत होने तक परिवहन रोकने की सलाह दे कर आपसी रिश्तों की प्रगाढ़ता को बनाए रखा जाएगा ,साथ ही एक संभावना यह भी है की खबर लिखने वाले कलमकार को हाई कोर्ट से नोटिस जारी कर खबर का दम घोटने का प्रयास भी किया जा सकता है।यदि थाना प्रभारी सजग हैं तो यकीनन इन बालू माफियाओं पर धरपकड़ की कार्यवाही होगी।ऊंट किस करवट बैठेगा ये तो आने वाला वक्त ही बताएगा फिलहाल तो बालू माफिया मोटी रकम छापने में मस्त हैजिम्मेदार क्या कहते हैथाना प्रभारी और अनुविभागीय अधिकारी पन्ना से दूरभाष के माध्यम से जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया गया परंतु दोनो के द्वारा फोन नही उठाया गयाआपके तथ्यात्मक जानकारी के आधार पर थाना **प्रभारी से बात करके उचित कार्यवाही की जायेगी।**

**आरती सिंह**

# द केरल स्टोरी को सेंसर बोर्ड से मिला ए सर्टिफिकेट

**10 सीन में करने होंगे बदलाव**

सुदीप्तो सेन की द केरल स्टोरी पिछले साल टीजर जारी होने के ही विवादों में घिरी हुई है। अब जैसे-जैसे फिल्म की रिलीज नजदीक आ रही है, इसको लेकर विरोध बढ़ रहा है। फिल्म पर राजनीति गरमा गई है और अब इस पर रोक लगाने की मांग हो रही है। अब सेंसर बोर्ड ने फिल्म में 10 सीन में बदलाव करने के साथ ए सर्टिफिकेट दे दिया है। इन बदलावों में केरल के एक पूर्व मुख्यमंत्री का इंटरव्यू शामिल है। सेंसर बोर्ड की जांच कमेटी ने फिल्म देखने के बाद निर्माताओं को आदेश दिया है कि इससे केरल के एक पूर्व मुख्यमंत्री के टीवी पर दिए गए पूरे इंटरव्यू को हटाया जाए, जिसमें वह युवाओं के इस्लाम अपनाने की बात कह रहे हैं। दरअसल, इंटरव्यू में एक पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा था कि अगले दो दशकों में केरल एक मुस्लिम बहुल राज्य बन जाएगा क्योंकि युवाओं को इस्लाम अपनाने के लिए प्रभावित किया जा रहा था। द केरल स्टोरी से एक अन्य दृश्य जिसे कथित तौर पर हटाया




गया है, उसमें सभी हिंदू देवताओं के संवाद और अनुचित संदर्भ शामिल थे। कथित तौर पर एक संवाद में कहा गया है कि भारतीय कम्युनिस्ट सबसे बड़े पाखंडी हैं और यह हिंदू रीति-रिवाजों की अनुमति नहीं देती है, जिसे फिल्म से हटा दिया गया है। इसके अलावा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से भारतीय शब्द हटाने के लिए कहा गया है। केरल सरकार और विपक्ष के नेता राज्य में द केरल स्टोरी फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग कर रहे हैं। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) और कांग्रेस नहीं चाहते कि यह हिंदी फिल्म केरल में रिलीज हो, लेकिन फिल्म दिखाने वालों (फिल्म प्रदर्शकों) की राय इस मामले में उनसे अलग है। फिल्म प्रदर्शकों का मानना है कि दर्शक फिल्म को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर देखेंगे ही इसलिए बेहतर होगी कि इसे सिनेमाघरों में रिलीज होने दिया जाए। द केरल स्टोरी 3 महिलाओं की कहानी है, जो नर्स बनने की चाहती थीं, लेकिन आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) में शामिल हो जाती हैं। इसमें दिखाया जाएगा कि कैसे इन लड़कियों का धर्म परिवर्तन करके आतंकी संगठन में शामिल कराया जाता है। फिल्म में केरल से 32,000 लड़कियों के गायब होने की बात कही गई है, जिसको लेकर विवाद हो रहा है। निर्माताओं पर आरोप लगा है कि वे केरल को फिल्म में गलत तरीके से दिखा रहे हैं। द केरल स्टोरी में अदा शर्मा मुख्य भूमिका में हैं, वहीं सोनिया बलानी, योगिता बिहानी और सिद्धि इडनानी भी अहम किरदार निभाएंगी। 5 मई को रिलीज होने वाली इस फिल्म का निर्देशन सेन ने किया है और इसके निर्माता विपुल अमृतलाल शाह हैं।




**मिस्ट एंड मिसेज माही की शूटिंग हुई पूरी**

# बड़े पर्दे पर फिर जमेगी जान्हवी-राजकुमार राव की जोड़ी



बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर अब तक कई फिल्मों में अपनी अदाकारी का जादू दिखा चुकी हैं। वह जल्द ही स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही में नजर आने वाली हैं। रविवार (30 अप्रैल) को इस फिल्म की शूटिंग पूरी हो गई। इस बात की जानकारी खुद जान्हवी ने सोशल मीडिया के जरिए दी है। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक स्टोरी शेयर की है, जिसमें उन्होंने बताया है कि फिल्म की शूटिंग का काम पूरा हो चुका है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, इट्स ए रैप ़ मिस्टर एंड मिसेज माही। फिल्म का निर्देशन शरण शर्मा ने किया है। वहीं, इसका निर्माण करण जौहर कर रहे हैं। फिल्म जान्हवी के साथ राजकुमार राव भी नजर आने वाले हैं। दोनं की एक साथ यह दूसरी फिल्म है। इससे पहले दोनों हॉरर कॉमेडी फिल्म रूही स्क्रीन साझा कर चुके हैं।इससे पहले जान्हवी की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे जिसमें उन्हें फिल्म में अपनी भूमिका के लिए क्रिकेट ग्राउंड ट्रेनिंग पर देखा जा गया था। बता दें कि यह पहला मौका है जब राजकुमार धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले किसी फिल्म में काम करने जा रहे हैं। इस फिल्म को लेकर दोनों कलाकारों के फैंस काफी ज्यादा उत्साहित हैं। हालांकि, इसके आधिकारिक रिलीज की तारीख का अभी सामने नहीं आई है। जान्हवी के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स की बात करें तो वह जल्द ही बवाल में नजर आने वाली हैं। फिल्म में वरुण धवन मेल लीड में हैं। इसका निर्देशन नितेश तिवारी ने किया है। इसके अलावा जान्हवी जल्द ही जूनियर एनटीआर के साथ उनकी आगामी फिल्म एनटीआर 30 में अभिनय करती दिखने वाली हैं।

**बागी के 7 साल पूरे**

# टाइगर श्रॉफ ने कहा, इसने मुझे उद्योग में पहचान दी

अपनी पहली फिल्म बागी के रिलीज होने के सात साल पूरे होने पर, अभिनेता टाइगर श्रॉफ ने फिल्म के लिए एक दिल छू लेने वाला नोट लिखा। उन्होंने कहा कि इस फिल्म ने उन्हें उद्योग में एक पहचान और एक जीवन दिया है। इंस्टाग्राम स्टोरीज पर टाइगर ने अपनी एक तस्वीर साझा की और इस अवसर पर अपने गुरु साजिद नाडियाडवाला को धन्यवाद भी दिया।उन्होंने लिखा- एक फिल्म के 7 साल जिसने मुझे उद्योग में एक पहचान और एक जीवन दिया। सभी दर्शकों और मेरे प्रशंसकों को धन्यवाद जो मुझे स्वीकार करने के लिए मेरे परिवार की तरह हैं। इस फेंचाइजी के लिए खून पसीना बहाया है, लेकिन सब सार्थक हुआ।उन्होंने लिखा, और हमेशा अपने गॉडफादर/मेंटॉर साजिदनाडियाडवाला का आभारी हूं.. मुझे एक मंच देने के लिए ताकि मैं अपनी कला दिखा सकूं। मेरे पहले निर्देशक और मेरे पसंदीदा में से एक.. आपके बिना यह संभव नहीं होता पाजी लव यू।इस बीच, टाइगर फिलहाल पूरी फिल्म टीम के साथ यूके में अपनी आगामी एक्शन थ्रिलर बड़े मियां छोटे मियां की शूटिंग कर रहे हैं।वह कई अन्य अघोषित फिल्मों के अलावा गणपथ की भी तैयारी कर रहे हैं।

# तू झूठी मैं मक्कार के साथ ये फिल्म भी इस वीक होगी ओटीटी पर रिलीज

ओटीटी पर हर दिन न्यू रिलीज का वेट करने वाले व्यूअर्स के लिए मई का फर्स्ट वीक बहुत ही शानदार रहने वाला है. व्यूअर्स के लिए इस वीक रणबीर और श्रद्धा कपूर स्टारर तू झूठी मै मक्कार के साथ मलयालम फिल्म कोरोना पेपर्स भी ओटीटी पर दस्तक देने के लिए तैयार है. आइए जानते हैं कि ये मूवीज किस दिन और कौन से ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज की जाएंगी.इस फिल्म को लव रंजन ने डायरेक्ट किया है. मूवी में रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर ने बहुत ही शानदार ढंग से धमाल मचाया है. ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर भी काफी सफल रही है. हालांकि आईएमडीबी ने इस मूवी को 6.7 की रेटिंग दी है.रोमांस और कॉमेडी से भरी हुई ये फिल्म ओटीटी व्यूअर्स के लिए 3 मई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज की जाएगी. बहुत से व्यूअर्स को रोमांस और कॉमेडी से ज्यादा एक्शन थ्रिलर के साथ मिस्ट्री का मजा लेना पसंद करते हैं. ऐसे ही दर्शकों के लिए ये मूवी बहुत बेहतरीन ऑप्शन बन सकती है. ये फिल्म 5 मई को रिलीज होगी.कोरोना पेपर्स को प्रियदर्शन जैसे बेहतरीन डायरेक्टर ने डायरेक्ट किया है. इस मलयालम मूवी में वो सबकुछ है जो दर्शकों को पसंद आता है. आईएमडीबी ने इस एक्शन थ्रिलर फिल्म को 7.8 की शानदार रेटिंग से नवाजा है. मूवी में शेन निगम, संध्या शेट्टी, गायत्री और शाइन टॉम चाको जैसे सितारों ने अपनी एक्टिंग का जलवा दिखाया है. अब ये देखना दिलचस्प रहेगा कि ये दोनों मूवीज को ओटीटी पर कितना पसंद किया जाता है।



# ऋतिक रोशन ने शादी में दुल्हा-दुल्हन के साथ घुंघरू और बैंग बैंग पर किया जमकर डांस

बॉलीवुड स्टार ऋतिक रोशन का एक शादी में दूल्हा-दुल्हन के साथ अपने गानों पर डांस करते हुए एक वीडियो वायरल हो रहा है। बॉली ब्लाइंड्स एन गॉसिप द्वारा रेडिट द्वारा शेयर की गई एक क्लिप में, ऋतिक ऑल-ब्लैक सूट में दुल्हा-दुल्हन के साथ स्टेज पर डांस करते हुए दिख रहे हैं। उन्होंने फिल्म वॉर के गाने घुंघरू और बैंग बैंग टाइटल ट्रैक पर डांस किया। उन्हें पहले दूल्हे के साथ डांस करते देखा गया और फिर बाद में दुल्हन को भी अपने साथ डांस करने के लिए कहा।वर्कफ्रंट की बात करें तो ऋतिक अगली बार फाइटर में एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर के साथ दिखाई देंगे।

# जालीदार टॉप में सोफिया अंसारी ने दिए ऐसे पोज



सोफिया अंसारी ग्रीन कलर के जालीदार आउटफिट में कहर बरपाती नजर आ रही हैं। उन्होंने जिन डिफरेंट स्टाइल में पोज दिए उन्हें देखकर फैंस आहें भर रहे हैं। साथ ही उनकी तस्वीरों पर बेशुमार प्यार लुटा रहे हैं। एक्ट्रेस सोफिया अंसारी अपनी बोल्डनेस और हॉट अदाओं के कारण अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं। सोफिया अंसारी ने ब्लैक ब्रा के ऊपर ग्रीन टॉप पहन रखा है, जिसमें वो बेहद ही स्टनिंग लग रही हैं। बिखरी जुल्फों के साथ एक्ट्रेस सोफिया अंसारी बेहद ही स्टाइलिश और बोल्ड नजर आ रही हैं, उनकी तस्वीरें देखकर फैंस बेताब हो रहे हैं। डिफरेंट स्टाइल में पोज देने के कारण एक्ट्रेस सोफिया को कुछ ट्रोलर्स ट्रोल कर रहे हैं। साथ ही उनके पोज को काफी सेक्सुअल बता रहे हैं। सोफिया अंसारी इस आउटफिट में अपना जमकर क्लीवेज फ्लॉन्ट कर रही हैं। सोफिया अंसारी अक्सर अपने फैंस के लिए लेटेस्ट बोल्ड तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। वहीं, फैंस उनकी तस्वीरों पर बेशुमार प्यार लुटाते हैं। मूल रूप से गुजरात के वडोदरा की रहने वाली सोफिया अंसारी महज 25 साल की उम्र में एक बेहतरीन लग्जरी लाइफ जीती हैं। टिकटॉकर से करियर की शुरुआत करने वाली सोफिया अंसारी इंस्टाग्राम पर अपनी रील्स वीडियो शेयर करती हैं । सोफिया ने अपनी पढ़ाई के साथ-साथ ही मॉडलिंग शुरू की, लेकिन कई टेलीविजन शो में ऑडिशन के बाद भी काम न मिलने पर सोफिया ने रील्स बनाकर खुद को इस मुकाम तक पहुंचाया।

# ब्रेकअप के बाद और भी ज्यादा खूबसूरत हो गई तारा सुतरिया



बॉलीवुड अभिनेत्री तारा सुतारिया अपनी फिल्मों के अलावा अपने ग्लैमरस लुक्स के लिए भी पहचानी जाती है. तारा की सिजलिंग अदाएं फैंस को उनका दीवाना भी बना लेती है. अभिनेत्री अपने ब्रेकअप के उपरांत से ही निरंतर सोशल मीडिया पर एक्टिव हैं. सोशल मीडिया यूजर्स का तो ये भी कहना है कि तारा ब्रेकअप के उपरांत और भी अधिक ग्लैमरस हो गई हैं. उनकी खूबसूरती का मुकाबला कर पाना हर किसी के बस की बात नहीं.तारा ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरों के माध्यम से इस बात को साबित भी कर दिया है. तस्वीर में तारा ग्रीन फ्लोरल प्रिंट कलर की बिकिनी पहने हुए दिखाई दे रही है. इस तस्वीर में तारा का फिट फिगर साफ-साफ फ्लॉन्ट हो रहा है. अभिनेत्री का डीपनेक श्रृग फैंस को दिल घायल करने का काम कर रहे है. एक्ट्रेस की फोटो ने यूजर्स को कमेंट करने पर मजबूर कर दिया है. तारा की बिकिनी वाली ये तस्वीर सोशल मीडिया पर हंगामा मचा दिया है.इस फोटो पर यूजर्स कमेंट करते हुए तारा की तारीफ के पुल बांध कर रहे हैं. वहीं कुछ यूजर्स तारा का कातिलाना अंदाज देख उन्हें सोशल मीडिया सेंसेशन उर्फी जावेद से कंपेयर करने लगे है. एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा है कि, उर्फी को तो यूं ही बदनाम किया जा रहा है. उर्फी जावेद भी अपने ग्लैमरस लुक्स के लिए कापी मशहूर हैं. उनका फैशन सेंस तो सभी ने देखा है. हालांकि अधिकतर यूजर्स ने तारा की तारीफ में ब्यूटीफुल, स्टनिंग, सिजलिंग जैसे शब्दों का उपयोग किया है।

# मालदीव में छुट्टियां मना रही महिमा मकवाना, लाजवाब खानों का उठा रहीं लुफ्त


बालिका वधु और अतिंम- द फाइनल ट्रुथ की एक्ट्रेस महिमा मकवाना हाल ही में मालदीव में छुट्टियां मना रही हैं। एक्ट्रेस ने अपनी छुट्टियों के दौरान कई एक्टिविटीज कीं और तमाम लाजवाब खानों का लुफ्त उठाया।एक्ट्रेस ने बताया, मालदीव हमेशा से खूबसूरती की वजह से मेरी लिस्ट में रहा है। मैं अलग-अलग जगहों को एक्सप्लोर करती रहती हूं। समुद्र में तैरना और कयाकिंग मेरे द्वारा अनुभव की गई सबसे अच्छी चीजों में से एक है। मैंने कुछ जापानी डिश भी आजमायी।उन्होंने आगे कहा, हालांकि मैं वहां सीमित समय के लिए थी। लेकिन मैं अगली बार यहां स्नॉर्केलिंगकरने की कोशिश करना पसंद करूंगी। अलग-अलग देशों की यात्रा करना, अलग-अलग व्यंजनों को एक्सप्लोर करना और आजमाना हमेशा बहुत सुखद होता है। मालदीव हमेशा से एक प्रसिद्ध स्थान रहा है और मुझे खुशी है कि अब मैंने इसे अपनी लिस्ट में शामिल कर लिया है। मुझे लगता है कि यह एक ऐसी जगह है, जहां आप साल में कभी भी आ सकता है।



# ऐश्वर्या राय की पोन्नियिन सेल्वन 2 का दुनिया भर में बजा डंका

**चार दिन में 200 करोड़ के पार हुई फिल्म**

हिस्टोरिकल ड्रामा पोन्नियिन' सेल्वन 2' को 28 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज़ किया गया था. अपने पहले पार्ट की तरह ही पीएस 2' को भी ऑडियंस का भरपूर प्यार मिल रहा है और ये दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्डतोड़ कमाई कर रही है. इसी के साथ पोन्नियिन' सेल्वन 2' ने अपनी रिलीज के चार दिनों के भीतर वर्ल्ड वाइड कमाई कर नया रिकॉर्ड कायम कर दिया है. चलिए जानते हैं फिल्म ने दुनियाभर में अब तक कितना कलेक्शन कर लिया है.मणिरत्नम की ड्रीम प्रोजेक्ट फिल्म बताई जा रही पोन्नियिन सेलवन 2' को क्रिटिक्स और ऑडियंस दोनों से शानदार रिव्यू मिला.यूं कहिए कि दर्शकों ने इसे पार्ट 1 से ज्यादा पसंद किया है. ऐसा इसलिए है क्योंकि इस सीक्वल में इमोशनल कनेक्ट ज्यादा है. फिल्म रिलीज के बाद से दुनियाभर में धमाल मचा रही है और वर्ल्ड वाइड बॉक्स ऑफिस पर भी इसने मैजिकल 200 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है.रिपोर्ट के मुताबिक पीएस-2 को दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर डबल सेंचुरी लगाने में 4 दिन लगे हैं, जबकि पिछले साल सितंबर में रिलीज हुई पहली फिल्म पीएस% को इस माइल्स स्टोन को पार करने में 3 दिन लगे थे पीएस-2 का 4-दिन का कुल कलेक्शन लगभग 210 करोड़ (120 करोड़




घरेलू + 90 करोड़ विदेशी) होना चाहिए जो पीएस% के पहले तीन दिनों की कमाई थी.पोन्नियन सेल्वन 2' शानदार कमाई कर रही है. इंडियन बॉक्स ऑफिस की बात करें तो सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म ने पहले दिन 24 करोड़ कमाए थे. वही दूसरे दिन फिल्म की कमाई 26.2 करोड़ रुपये रही. तीसरे दिन फिल्म ने 30.3 करोड़ का बिजनेस किया और चौथे दिन यानी पहले सोमवार को फिल्म ने 24.52 करोड़ रुपये बटोरे. इसी के साथ पीरियड सागा की कुल कमाई 100 करोड़ से ज्यादा यानी 105.02 करोड़ रुपये हो गई है.पोन्नियिन सेल्वन 2' की स्टार कास्ट की बात करें तो पोन्नियिन सेल्वन 2' में चियान विक्रम, ऐश्वर्या राय, कार्थी, तृषा, जयम रवि, ऐश्वर्या लक्ष्मी और शोभिता धूलिपाला के साथ-साथ आर सरथकुमार, प्रभु, विक्रम प्रभु, जयराम, प्रकाश राज, पार्थिबन, रहमान, लाल, जयचित्रा और नासर सहित कई कलाकार हैं।

# समलैंगिक विवाहः भारतीय संस्कृति और परिवार व्यवस्था पर कुठाराघात

**ग्वालियर।** ओजस्विनी विचार मंच द्वारा समलैंगिक विवाह- भारतीय संस्कृति और परिवार व्यवस्था पर कुठाराघात विषय पर केआरजी कॉलेज में छात्राओं के बीच परिचर्चा संपन्न की गई जिसमें लगभग कॉलेज की छात्राओं ने ब?-च? कर भाग लिया। परिचर्चा में मुख्य रुप से दीक्षा भदौरिया, प्रिया सोनी ,प्रिया उदैनिया, रूपाली, तमन्ना, रोमा आदि छात्राओं ने अपने विचार रखे जिन्हें ओजस्विनी विचार मंच द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य एमआर कौशल द्वारा की गई एवं मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज की जनभागीदारी अध्यक्ष श्रीमती मीना सचान उपस्थित थी। लगभग 130 की संख्या के साथ सदन में गरिमामयी उपस्थिति थी। मुख्य वक्ता के रूप में श्रीमती मोनिका मिश्रा (अधिवक्ता उच्च न्यायालय ग्वालियर) उपस्थित थीं जिनके उद्गार से पूरा वातावरण रोमांचित हो गया। उन्होंने छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया और समलैंगिक विवाह की कानूनी मान्यता होने




पर उसके दुष्परिणामों को बहुत ही प्रभावी ढंग से सदन के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि यह मात्र क्षणिक आकर्षण है जिन देशों में ऐसे विवाह बहुतायत में हो रहे हैं उनमें भी तलाक के केस और अनेक अप्राकृतिक समस्याएं पैदा हो रही हैं ।विवाह जैसी संस्था ना आज तक बनी है ना बनेगी हिंदू मैरिज एक्ट बना उसके पहले भी विवाह होते थे क्योंकि उस को सामाजिक मान्यता थी जिसमें जैविक पुरुष और जैविक स्त्री मिलकर परिवार नामक संस्था को पूर्ण करते हैं। कार्यक्रम को एक सूत्र में पिरोने वाली सफल संचालनकर्ता श्रीमती प्रीति शर्मा थी । सरस्वती वंदना श्रीमती जिज्ञासा जादौन एवं व्यक्तिगत गीत की प्रस्तुति श्रीमती निधि मिश्रा ने की । कार्यक्रम की सटीक प्रस्तावना डॉ नीतू भारद्वाज द्वारा दी गई एवं अतिथि परिचय और स्वागत श्रीमती अपर्णा शर्मा ने किया । अतिथि स्वागत डॉ मंदाकिनी शर्मा, श्रीमती सरोज मिश्रा, श्रीमती अर्चना शर्मा ,श्रीमती महिमा तारे ,श्रीमती सुधा श्रीमाल, डॉ रितु नामधारी , श्रीमती अभिलाषा गुप्ता ,श्रीमती नीलम गुप्ता , श्रीमती मानसी सोलापुरकर और श्रीमती मीना शर्मा ने किया । अंत में मंच की संरक्षिका प्रो राजरानी शर्मा के आशीर्वचनों के साथ ओजस्विनी विचार मंच की अध्यक्ष डॉ कल्पना शर्मा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# प्रेस्टीज प्रबंधन एवं शोध संस्थान का रजत जयंती समारोह टॉक शो के साथ शुरू




ग्वालियर। प्रेस्टीज प्रबंधन एवं शोध संस्थान ग्वालियर का रजत जयंती समारोह की शुरूआत एक टॉक शो के साथ की। पीआईएमआर ग्वालियर की रजत जयंती से भारत के अमृत काल तक -एक अभिव्यक्ति विषय पर टॉक शो का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रेस्टीज ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के चेयरमैन डॉ. डेविस जैन युवा उद्यमी, एसोसियेशन ऑफ चार्टड एकाउटेंन्टस ऑफ इंडिया ग्वालियर चेप्टर, लायंस क्लब, जेसीआई, रोटरी क्लब, चेंबर ऑफ कामर्स ग्वालियर, मालनपुर इंडस्ट्रीज एवं समाज सेवी संस्थाओं से गणमान्य अतिथि के साथ छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत में चेयरमैन डॉ. डेविस जैन ने प्रेस्टीज प्रबंधन एवं शोध संस्थान ग्वालियर की स्थापना से लेकर रजत जयंती तक की यात्रा को साझा किया। उन्होंने बताया कि उनके पिता पदमश्री अवार्डी डॉ. नेमनाथ जैन ने शिक्षा को सदैव सर्वोपरी स्थान दिया। उनका कहना था कि शिक्षा का दीपक घर-घर में जलाया जाये तो उसका प्रकाश निसंदेह परिवार में प्रगति अवश्य दिलायेगा। उन्होंने बताया कि उनके बाबूजी ने देश का हमेशा युवा शक्ति के रूप में देखा है और मुझे भी उनसे प्रेरणा मिली कि यदि युवा शक्ति की उर्जा सही दिशा में लगाई जाये तो देश को प्रगति पथ पर आगे बढने से कोई नहीं रोक सकता है। इसीलिए प्रेस्टीज ग्रुप ने शिक्षा को सर्वोपरि माध्यम बनाते हुये यूजी से पीजी तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं रोजगारपरक शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए मध्य भारत में इंदौर , ग्वालियर एवं देवास शहरों में स्कूली शिक्षा से लेकर महाविद्यालयीन शिक्षण संस्थान प्रारंभ किये।

डॉ. डेविस जैन ने बताया कि ग्वालियर का 1997 में शुरू हुआ प्रेस्टीज इंस्टीटयूट जो कि एक छोटे से भवन में चलता था अब एक वृक्ष का रूप ले चुका है। उसने 25 वर्ष में अनेक चुनौतियों का सामना भी किया है। उन्होंने अपने अनुभवों को भी साझा किया वहीं प्रेस्टीज को सदैव एक परिवार की तरह कार्य करने की प्रेरणा बताया। उन्होंने कहा कि प्रेस्टीज टीम भावना से विकास कर रहा है वहीं स्वपन देखकर उन्हें साकार करने के लिए पूरी शिददत से जुटा हुआ है। डॉ. डेविस जैन ने कहा कि उनकी आने वाली पुस्तक में वह इन सभी विषयों को विस्तार से पाठकों के साथ साझा करेंगे। इस अवसर पर ज्वांइट प्रेसीडेंट डिपिन जैन ने भी अपने अनुभवों को साझा किया। डिपिन जैन ने सदन में उपस्थित सभी संस्थाओं के प्रतिनिधियों आगुन्तकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ग्वालियर का संस्थान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं उनसे बेहतर प्लेसमेंट सिलेक्शन की दिशा में और अच्छे परिणाम दे इसका प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि चूंकि प्रेस्टीज ग्रुप औद्योगिक क्षेत्र में विशेष स्थान रखता है इसलिएउद्यम प्रकोष्ठ के माध्यम से युवा छात्र-छात्राओं को उद्यमिता के क्षेत्र में और आगे बढाया जायेगा। उन्होंने पूर्व छात्रों के नामों का भी उल्लेख करते हुये उनकी प्रशंसा की और कहा कि संस्थान परिवार के लिए यह गौरव का विषय है, कि यहां पढे दात्र आज लोगों को रोजगार दे पाने में सफल हुये हैं। टॉक शो में मोडरेटर की भूमिका प्रेस्टीज एज्यूकेशन फाउंडेशन के सीओओ अनिल वाजपेयी ने निभाई। उन्होंने डॉ. डेविस जैन और डिपिन जैन से प्रश्नों के माध्यम से अनुभवों, भविष्य की योजनाओं एवं उददेश्यों को सदन से अवगत कराया। टॉक शो के अंत में निदेशक ग्वालियर प्रेस्टीज प्रबंधन संस्थान डॉ. निशांत जोशी ने सभी को 5 मई को अटल बिहारी वाजपेयी ऑडोटोरियम में रजत जयंती समारोह में शामिल होने आमंत्रित किया। उप निदेशिका डॉ. तारिका सिंह सिकरवार ने रजत जयंती समारोह में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। टॉक शो के कोर्डिनेटर डॉ. नंदन वेलणकर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# लघु उद्योग भारती के पदाधिकारी विद्युत समस्या समाधान को लेकर मुख्य महाप्रबंधक से मिले



ग्वालियर। ग्वालियर चंबल संभाग की लघु उद्योग भारती की विभिन्न इकाईयों के पदाधिकारी गुना, मुरैना, बानमोर, भिंड मालनपुर, महाराजपुरा, शंकरपुर ट्रांसपोर्ट नगर, बाराघाटा चिरवाई, बिरला नगर, गिरवाई तारागंज, औद्योगिक क्षेत्रों की विद्युत समस्या और समाधान को लेकर आज लघु उद्योग भारती मध्यभारत संभाग के प्रांतीय महासचिव उद्योगपति सोबरन सिंह तोमर के नेतृत्व में विद्युत समस्याओं को लेकर विद्युत विभाग के मुख्य महाप्रबंधक इंजीनियर राजीव गुप्ता जी से सौहार्दपूर्ण वातावरण में मुलाकात कर स्वागत किया। मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ग्वालियर क्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक इंजीनियर राजीव गुप्ता ने औद्योगिक क्षेत्र अनुसार समस्याओं को ध्यान से सुना और समस्याओं को समझ कर तुरंत ही औद्योगिक क्षेत्र से संबंधित प्रत्येक जोन के विद्युत अधिकारियों को निर्देश देकर अधिकांश समस्याओं का निराकरण चर्चा बैठक में करा कर निर्देश दिए, कुछ समस्याओं पर तुरंत कार्य करते हुए इंडस्ट्रियल क्षेत्र में समस्या निदान हेतु विद्युत विभाग की टीमें खबर लिखे जाने तक पहुंच चुकी थी। कुछ समस्याएं जैसे एचटी और एलटी विद्युत लाइनों पर से पेड़ों की डालियां हटाना, लाइन और ट्रांसफार्मरों मेंटेनेंस लिए रविवार को शटडाउन लेकर कराने और औद्योगिक क्षेत्र मैं विद्युत शट डाउन मेंटेनेंस उद्योगपतियों से आपसी सामंजस कर उन्हें 1 दिन पहले व्हाट्सएप पर या टेलीफोन पर सूचना देने के निर्देश संबंधित सभी विद्युत अधिकारियों को दिए। चर्चा बैठक में इंडस्ट्रियल एरिया महाराजपुरा से प्रकाश रोहिरा, महावीर बंसल, संजीव मल्होत्रा,निर्मल सिंह मालनपुर से मनीष अग्रवाल, नवीन-नीतू अग्रवाल, मनीष खंडेलवाल, शंकरपुर ट्रांसपोर्ट नगर से राजेंद्र तलूजा,मुकेश मित्तल ,अनिल माहेश्वरी, प्रवीण अग्रवाल बाराघाटा गिरवाई से संतोख सिंह बिरला नगर से पुरुषोत्तम कौशिक,जगदीश मित्तल,संजय धवन, ग्वालियर शहर अध्यक्ष राजीव वैश्य विद्युत समस्या समाधान और सुझाव चर्चा में उपस्थित रहे।

# स्मार्ट सिटी व अमृत योजना की शिकायत ईओडब्ल्यू, लोकायुक्त व सीबीआई में होगी

## महापौर डा. शोभा ने पत्रकारों से चर्चा में कहा



**ग्वालियर।** ग्वालियर की महापौर डा. शोभा सतीश सिकरवार ग्वालियर में चल रही स्मार्ट सिटी परियोजना और पेयजल सप्लाई के लिये बनी अमृत योजना के कामों से कतई संतुष्ट नहीं हैं। उनका सीधा कहना है कि इन दोनों परियोजनाओं में व्यापक पैमाने पर गड़बड़ियां हुई है और भी चल रही हैं। इसलिये वह स्मार्ट सिटी डव्लपमेंट कारपोरेशन व अमृत योजना को लेकर आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो, लोकायुक्त और सीबीआई में शिकायत करेंगी। महापौर डा. शोभा सतीश सिकरवार, जिला कांग्रेस अध्यक्ष डा. देवेन्द्र शर्मा, एमआईसी सदस्य अवधेश कौरव ने आज पत्रकारों से चर्चा के दौरान बताया कि स्मार्ट सिटी व अमृत योजना बेकार की योजनायें और इनमे पानी की तरह पैसा बहाकर व्यापक स्तर पर गड़बड़ी की जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ आम नागरिकों को मिल ही नहीं पाया है और इन पर करोड़ो रूपये फूंक डाले गये हैं। महापौर डा. सिकरवार, जिला कांग्रेस अध्यक्ष डा. शर्मा, एमआईसी सदस्य कौरव ने कहा कि स्मार्ट सिटी व अमृत योजना में गड़बड़ी को लेकर वह प्रमाण सहित ईओडब्ल्यू, लोकायुक्त व सीबीआई में शिकायत करेंगे, ताकि भ्रष्टाचार करने वालों पर कार्रवाई हो सकें।

# केन्द्रीय मंत्री तोमर ने किया 8 करोड़ से बनी बहुप्रतीक्षित सड़क का लोकार्पण

ग्वालियर केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि किसानों की भूमिका भी सैनिकों की तरह होती है। इसलिए दोनों ही अभिनंदनीय हैं। सरकार ने किसानों के कल्याण के लिये क्रांतिकारी योजनायें बनाई हैं। उन्होंने कहा जलवायु परिवर्तन के दौर को ध्यान में रखकर किसान भाई उन्नत तकनीक अपनाएँ और सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर स्वयं खुशहाल बनें। तोमर गुरूवार को ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रौरा में आयोजित हुए लगभग 8 करोड़ 40 लाख रूपए लागत की सड़क के लोकार्पण समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाई गई इस सड़क से मुरार क्षेत्र के चहुँमुखी विकास में एक और नया आयाम जुड़ा है। इससे खासतौर पर क्षेत्रीय किसानों को बड़ी सहूलियत मिली है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने की।

केन्द्रीय मंत्री तोमर ने कहा कि मोहनपुर दंगियापुरा (एमडीआर) बंधा से बस्तरी, रौरा व अडूपुरा होते हुए ग्वालियर-झांसी रोड़ बाइपास तक लगभग साड़े 16 किलोमीटर लम्बी बहुप्रतीक्षित सड़क के निर्माण से क्षेत्र के विकास के नए दरवाजे खुलेंगे। उन्होंने कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद क्षेत्रीय किसानों से सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान करते हुए कहा कि भारत अब दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाला देश बन गया है। इसलिये बड़ी हुई आबादी को ध्यान में रखकर न केवल खाद्यान्न का उत्पादन बड़ाना है बल्कि किसानों को नगदी फसलों से जुडकर अपनी



आय भी बड़ानी है। उन्होंने कहा कि सरकार ने उन्नत खेती के लिये तमाम सुविधायें मुहैया कराने के साथ-साथ वेयर हाउस और एफपीओ के लिये एक लाख करोड़ का प्रावधान किया है। इस साल के देश के बजट में उद्यानिकी के प्लांटेशन के लिये 2200 करोड़ रूपए का प्रावधान भी किया गया है। सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने कहा कि मुरार क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित होने के साथ-साथ समाज कल्याण के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय काम हुए हैं। जिनमें बुजुर्गों के लिये दंत क्रांति शिविर और युवाओं के लिये कम्प्यूटर शिक्षा शामिल है। श्री शेजवलकर ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक एवं राज्य मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह के प्रयासों से मुरार क्षेत्र में वर्तमान में लगभग 60 करोड़ रूपए की लागत से 350 किलोमीटर सड़कें बनाई गई हैं। आरंभ में अतिथियों ने पट्टिका का अनावरण कर इस सड़क का लोकार्पण किया। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न प्रजातियों के पौधे भी रोपे। स्वागत उदबोधन जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश जाटव ने दिया। कार्यक्रम का संचालन जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजीव मिश्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर उद्यानिकी व खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं क्षेत्रीय विधायक भारत सिंह कुशवाह, जनपद पंचायत के अध्यक्ष दिलराज किरार तथा सर्वश्री कप्तान सिंह सहसारी, जितेन्द्र रावत, आलोक शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार मंचासीन थे।

**मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के द्वितीय चरण का किया शुभारंभ**-मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के द्वितीय चरण के काउण्टर का भी केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर सहित अन्य अतिथियों ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस काउण्टर के जरिए जन सामान्य से आवेदन प्राप्त किए गए। साथ ही समस्याओं का निराकरण भी किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधों के बीज व सीड बॉल भी वितरित किए।

# 35 करोड़ में विधायकी बेच अब पाक साफ बन रहे मुन्नालालः महापौर

ग्वालियर। महापौर डा. शोभा सतीश सिकरवार ने पूर्व विधायक एवं बीज निगम अध्यक्ष मुन्नालाल गोयल को सलाह दी है कि वह झूंठ, फरेब की राजनीति न करें। उनकी असलियत जनता जानती है स्वयं 35 करोड़ में विधायकी बेच कर अब पाक साफ बनने का नाटक कर रहे हैं। महापौर डा. सिकरवार ने यह भी कहा कि भाजपा की सरकार कांग्रेस की महापौर होने के कारण ग्वालियर नगर निगम की जनहितकारी योजनायें लगातार अटका रही हैं, जिससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। महापौर डा. शोभा सतीश सिकरवार ने कहा कि वह ग्वालियर को नंबर वन शहर बनाना चाहती हैं और इस दिशा में काम भी कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि हमने अपने चुनावी घोषणापत्र के वायदे के अनुसार जलकर माफ और गार्बेज शुल्क आधा भी कर दिया हैं, लेकिन भाजपा सरकार एमआईसी के प्रस्ताव को मान्य नहीं कर रही है, क्योंकि इसका श्रेय कांग्रेस को न मिल जायें। महापौर ने कहा कि भाजपा सरकार की छोटी सोच के कारण यह प्रस्ताव अटका पड़ा हैं। महापौर डॉ. शोभा सतीश सिकरवार ने कहा कि श्री गोयल झूंठे हैं, उन्होंने कभी भी गरीब जनता की भलाई के लिये कोई काम नहीं किया है। मैंने मेयर-इन-काउसिंल में केदारपुर की आदर्श आवासीय कॉलोनी के पुर्नवास हेतु मेयर-इन-काउसिंल में 20 सितम्बर 2022 को न केवल टेण्डर प्रक्रिया को पूरा किया, बल्कि टाउन एण्ड कन्ट्री प्लानिंग और कलेक्टर को पत्र लिखकर आवश्यक जानकारियां भी मांगी है। मैंने गरीबों के आवास के इस प्रकरण को पूरी गंभीरता के साथ लिया और इसमें चाही गई जानकारी प्राप्त होते ही शेष प्रक्रिया को पूरा किया जायेगा। भाजपा के नेता द्वारा बगैर किसी जानकारी के मिथ्या आरोप लगाये जाते है, यह उनकी बौद्धिक क्षमता को दर्शाता है। मैं काम करने में विश्वास रखती हूँ, अभी हाल ही में मैंने सिंधिया नगर में अपनी निधि से सड़कों के निर्माण के लिये भूमिपूजन किया था, लेकिन श्री गोयल अनाधिकृत रूप से मेरे द्वारा किये जा रहे कार्य का भूमिपूजन करने पहुंच गये। इससे साफ है कि इनके द्वारा विकास कार्यो में बाधा डालना इनकी आदत में शुमार है।

उन्होंने कहा कि मैं यह भी बताना चाहती हूं कि उपचुनाव के दौरान भाजपा सरकार ने अनेक विकास कार्यों की घोषणायें कि और इसके लिये 17 करोड



रूपये से अधिक राशि सरकार द्वारा जारी की गई जो कि चुनाव हारने के बाद श्री गोयल ने वह राशि शासन को वापस करा दी। जबकि ग्वालियर विधानसभा को दी गई राशि में से कोई राशि वापस नहीं ली गई। इससे इनका विकास विरोधी चेहरा उजागर होता है। महापौर ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा में कौन भूमाफिया हैं, अगर मैंने मुँह खोला तो श्री गोयल की बोलती बंद हो जाएगी, और श्री गोयल क्या कर रहे हैं सबको पता है। महापौर ने कहा कि हम गार्बेज शुल्क का युक्तियुक्तकरण कर कम करना चाहते है और पेयजल के बकाया बिल माफ करने सहित मेयर-इन-काउसिंल ने कई निर्णय लिये है, लेकिन भाजपा के लोग यह दोनों मुद्धे पूरा नहीं होना देना चाहते है। इसलिए मैं भी अब इन मुद्धों को लेकर सड़कों पर उतरूगीं और धरना प्रदर्शन करूॅगीं। उन्होंने कहा कि मैं ही केदारपुर प्रकरण का निराकरण करूंगी। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि कृष्णराव दीक्षित भी उपस्थित थे।

**जनता को गुमराह करते है गोयलः देवेन्द्र शर्मा**–कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा ने कहा कि श्री गोयल नकारात्मक राजनीति करते रहे हैं। जब उन्हे पता लगा कि महापौर ने केदारपुर कॉलोनी का प्रकरण पूरा कर दिया है और काम शुरू होने वाला है तो एक दिन पहले उन्होंने लोगों को गुमराह कर धरना दे दिया, जबकि कागजी खाना-पूर्ति पूरी होने जा रही है। उन्होंने कहा कि श्री गोयल बस पूरे समय इसी में लगे रहते हैं कि महापौर ने कहां भूमिपूजन किया, विधायक ने कहां किया, वहीं नारियल और माला लेकर पहुंच जाते हैं और जनता को माला देकर कहते है, मेरा स्वागत करो। ऐसी घटिया सोच रखने वाले व्यक्ति को जनता की बर्दाशत नहीं करेगी।

**गोयल सबसे बडे भूमाफियाः अवधेश कौरव**–मेयर इन कांउसिल के प्रभारी सदस्य अवधेश कौरव ने कहा कि रमाया होटल, काल्पीब्रिज स्थित होटल, नारायण होटल का मामला श्री गोयल ने उठाया और जब सौदा पट गया तो चुप हो गए। इसी तरह सरकारी जमीनों के अतिक्रमण होने के नाम पर जमीन करोबारियों खासकर अशोक गोयल को परेशान किया, जब डकार गए तो चुप हो गए। अब बताओं इनसे बडा भूमाफियां कौन हो सकता है। विधायक डॉ. सिकरवार ने सड़को, पेयजल, शमशान, आंगनबाडी समेत अन्य कार्यो के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कई बार मांग की, मगर सरकार ने एक धेला नहीं दिया। विधायक व महापौर पूर्व विधानसभा क्षेत्र में विकास कर रहे हैं तो श्री गोयल के पेट में दर्द क्यों हो रहा है।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478